संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार, 12 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 08 अंक: 243 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### राष्ट्रपति 12 से 13 सितंबर तक गुजरात दौरे पर रहेंगी

**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 12 से 13 सितंबर तक गुजरात का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति भवन ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि 12 सितंबर की शाम को राष्ट्रपति गांधीनगर में उतरेंगी। 13 सितंबर, को राष्ट्रपति "राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन" (एनईवीए) परियोजना का उद्घाटन करेंगी और गांधीनगर में गुजरात विधान सभा के सदस्यों को संबोधित करेंगी। उसी दिन, वह राजभवन, गांधीनगर से केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की "आयुष्मान भव" पहल का वर्चुअल शुभारंभ करेंगी।

### 'जी 20: राष्ट्राध्यक्षों को कराया लोकतांत्रिक परंपराओं से रूबरू

**नई दिल्ली:** जी 20 शिखर सम्मेलन में भारतीय संस्कृति एवं समृद्ध परंपराओं से विदेशी मेहमानों को रूबरू कराने के मकसद से संस्कृति मंत्रालय ने कल्चर कॉरिडोर बनाया जिसे राष्ट्राध्यक्षों ने बहुत सराहा। 8-10 सितंबर के दौरान जी 20 शिखर सम्मेलन के लिए आईटीपीओ के हॉल नंबर 14 में 'भारत: लोकतंत्र की जननी' पर लगाई गई एक प्रदर्शनी में देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को प्रदर्शित किया। सोमवार को संस्कृति मंत्रालय ने मीडिया को इस प्रदर्शनी का अवलोकन करवाया। प्रदर्शनी का एक प्रमुख आकर्षण सिंधु सरस्वती सभ्यता की एक लड़की की 5 फुट लंबी, 120 किलोग्राम कांस्य प्रतिकृति रही, जो हॉल के केंद्र में एक ऊंचे पोडियम पर घूमती, आत्मविश्वास से भरी, आत्म-आश्वस्त दिखाई देती है। इसकी वास्तविक ऊंचाई 10.5 सेमी है। लोकतंत्र के इतिहास को 26 इंटरैक्टिव पैनलों के माध्यम से दिखाया गया है जिसके बारे में जानकारी 16 अलग-अलग विदेशी भाषा में ऑडियो के माध्यम से सुना जा सकता है। इस प्रदर्शनी के क्यूरेटर और इंदिरा गांधी कला केन्द्र के सचिव सच्चिदानंद जोशी ने बताया कि लोकतंत्र भारत में सदियों पुरानी अवधारणा है। भारतीय परंपराओं के अनुसार लोकतंत्र में, समाज में स्वतंत्रता, स्वीकार्यता, समानता और समावेशिता के मूल्य शामिल हैं और यह आम नागरिकों को गुणवत्ता और गरिमापूर्ण जीवन जीने की अनुमति देता है।

### नोवाक जोकोविच ने जीता यूएस ओपन

**न्यूयॉर्क:** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने रविवार रात न्यूयॉर्क में एक बेहद थका देने वाले फाइनल में रूस के डेनियल मेदवेदेव को हराकर यूएस ओपन खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ ही जोकोविच ने मार्गरेट कोर्ट के 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। खिताबी मुकाबले में जोकोविच ने मेदवेदेव को 6-3, 7-6(5), 6-3 से हराया। इस जीत के साथ ही, 36 वर्षीय दिग्गज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन और फ्रेंच ओपन के बाद साल का अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम जीत लिया है।

# 'नए मुकाम पर पहुंचेगी भारत-सऊदी की दोस्ती'

- भारत और सऊदी अरब के बीच की दोस्ती क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता और कल्याण के लिए महत्वपूर्णः पीएम मोदी

**वार्ता**

▶▶ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ द्विपक्षीय बैठक की





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जी20** समिट के समापन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ द्विपक्षीय बैठक की। क्राउन प्रिंस से बातचीत के दौरान पीएम ने कहा कि भारत और सऊदी अरब के बीच की दोस्ती क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। सऊदी अरब को भारत का सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से एक बताते हुए मोदी मोदी ने कहा कि दोनों देश बदलते समय के साथ संबंधों में नए आयाम जोड़ रहे हैं। मोदी और बिन सलमान ने भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की।

**नए स्तर पर पहुंचेगी हमारी साझेदारी:** बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि हमले इस साझेदारी को नए स्तर पर ले जाने के लिए कई पहलों की पहचान की है। पीएम ने कहा कि आज की बैठक से दोनों देशों के संबंधों को एक नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच का सहयोग और बढ़ाने के लिए 2019 में भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की घोषणा की गई थी।

**जी20 समिट के बाद राजकीय यात्रा पर प्रिंस सलमान:** जी20 समिट के समापन के बाद क्राउन प्रिंस सलमान इस समय भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। आज दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता से पहले, क्राउन प्रिंस का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया गया। औपचारिक स्वागत के बाद बिन सलमान ने भारत की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा, मैं भारत में आकर बहुत खुश हूं। जी20 शिखर सम्मेलन काफी अच्छा था और इसके लिए भारत को बधाई। जी20 में की गई घोषणाओं से दुनिया को फायदा होगा।

## 'समय के साथ हमारे संबंधों में नए और आधुनिक आयाम जुड़े'

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने कहा कि **बदलते** समय की जरूरतों के अनुसार हम हमारे संबंधों में नए और आधुनिक आयाम जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत के लिए सऊदी अरब हमारे सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक पार्टनर्स में से है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व की दो बड़ी और तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं के रूप में हमारा आपसी सहयोग पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बैठक में हमने हमारी करीबी साझेदारी को अगले स्तर पर ले जाने के लिए कई पहल की पहचान की। आज की हमारी बैठक से हमारे संबंधों को एक नयी ऊर्जा, एक नयी दिशा मिलेगी, और हमें मिलकर मानवता की भलाई के लिए काम करते रहने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कल हमने मिलकर भारत- पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक कॉरिडोर स्थापित करने के लिए ऐतिहासिक शुरूआत की है। यह कॉरिडोर केवल दोनों देशों को ही आपस में नहीं जोड़ेगा बल्कि एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक सहयोग, उर्जा के विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी को बल देगा।

**आधुनिक आयाम**

▶▶ विश्व की दो बड़ी, तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं के रूप में हमारा आपसी सहयोग पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है: पीएम मोदी

## सऊदी अरब भारत के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से एकः मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत के लिए सऊदी अरब हमारे सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी और क्राउन प्रिंस बिन सलमान ने भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। बैठक में अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत-सऊदी अरब स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप काउंसिल की पहली लीडर्स मीटिंग में भाग लेते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। 2019 की मेरी सऊदी अरब यात्रा के दौरान हमने इस काउंसिल की घोषणा की थी। इन चार वर्षों में यह हमारी रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के प्रभावी माध्यम के रूप में उभरा है। मुझे खुशी है कि इस काउंसिल के अंतर्गत दोनों समितियों की कई बैठकें हुई हैं, जिनसे हर क्षेत्र में हमारा आपसी सहयोग निरंतर बढ़ रहा है।

## जॉइंट सेक्रेटरी लेवल के अफसरों पर केस चल सकेगा: सुप्रीम कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने एक अहम फैसले में कहा है कि संयुक्त सचिव स्तर और उससे ऊपर के सरकारी अधिकारियों को 2014 के पहले के मामलों में भी संरक्षण नहीं मिलेगा। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का 2014 का दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टैबलिशमेंट (डीएसपीई) की धारा-6ए पर फैसला 2014 के पहले के मामलों पर भी लागू होगा यानि सरकारी अफसरों को भी गिरफ्तारी से छूट नहीं मिलेगी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में संयुक्त सचिव स्तर और उससे ऊपर के सरकारी कर्मचारियों को गिरफ्तारी से छूट के प्रावधान को रद्द कर दिया था लेकिन बेंच ने यह नहीं बताया था कि यह आदेश 2014 ये पहले के लंबित केसों पर भी लागू होगा या नहीं।

▶▶ संयुक्त सचिव स्तर और उससे ऊपर के सरकारी अधिकारियों को 2014 के पहले के मामलों में भी संरक्षण नहीं मिलेगा

## 'चीन ने एक वर्ग इंच भी जमीन नहीं कब्जाई'

### 'भगवान न करे अगर हालात बिगड़े तो सेना के जवान मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया/लद्दाख**
**लद्दाख** के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर (रिटायर्ड) बीडी मिश्रा ने सोमवार (11 सितंबर) को कहा कि चीन ने भारत की एक वर्ग इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं किया है। साल 1962 (भारत-चीन युद्ध) में जो कुछ भी हुआ, उस पर बात करने से कोई फायदा नहीं। आज सीमा की आखिरी इंच जमीन भी हमारे कब्जे में हैं। भगवान न करे अगर हालात बिगड़े तो सेना के जवान मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं। इस दौरान मीडिया ने बीडी मिश्रा से राहुल गांधी के बयान के बारे में पूछा गया। जवाब में उन्होंने कहा कि मैं किसी के बयान पर कोई कमेंट नहीं करूंगा। मैं सिर्फ फैक्ट्स बताउंगा, जो मैंने जमीन पर देखे हैं। दरअसल, राहुल गांधी 17 से 25 अगस्त तक लद्दाख दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने दावा किया था कि चीन ने हजारों किमी जमीन पर कब्जा किया है। मगर पीएम ने इस पर झूठ बोला। वह कह रहे हैं एक इंच जमीन नहीं गई। यह सरासर झूठ है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लद्दाख दौरे के आखिरी दिन (25 अगस्त) को कारगिल में रैली की थी। जिसमें उन्होंने दावा किया था कि चीन ने भारत की हजारों किमी जमीन पर कब्जा किया है। लद्दाख के उपराज्यपाल ने बताया कि मोदी सरकार में सेना का मनोबल बढ़ा है। उनका इरादा देश के हर वर्ग इंच जमीन का रक्षा करना है। आज कोई भी हमारी जमीन पैर जमाने के इरादे से भारत की ओर आने की हिम्मत नहीं कर सकता। साल 1961 में मेरी सेना में नियुक्ति हुई थी। उस वक्त मेरी बटालियन में कुछ भी स्वदेशी नहीं था। हमारी रायफलें बर्मिंघम में बनाई गई थीं। हमें जो घड़ियां मिली थीं, वे स्विट्जरलैंड में बनी थीं।



**दावा**

▶▶ आज कोई भी हमारी जमीन पैर जमाने के इरादे से भारत की ओर आने की हिम्मत नहीं कर सकता: एलजी

## वनडे में सबसे तेज 13 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बने कोहली



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एशिया** कप के पहले मैच में अपने फ्लॉप शो को पीछे छोड़ते हुए, भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ सुपर 4 मैच में जोरदार शतक लगाया। 84 गेंदों पर अपना 47वां वनडे और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 77वां शतक जड़ते हुए, कोहली इस प्रारूप में सबसे तेज 13,000 रन बनाने वाले भी बन गए। इस मामले में कोहली ने महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। कोहली ने 267 पारियों में 13 हजार रन पूरे किये, जबकि सचिन ने यह उपलब्धि हासिल करने के लिए 321 पारियां ली थीं। सूची में तीसरे नंबर पर रिकी पोटिंग हैं, जिन्होंने यह उपलब्धि 341 पारियों में हासिल की थीं।

**विराट उपलब्धि**

▶▶ कोहली ने 267 पारियों में 13 हजार रन पूरे किये, जबकि सचिन ने यह उपलब्धि के लिए 321 पारियां ली थीं

## दिल्ली दंगा मामले में 14 को तय होंगे आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के कड़कड़डूमा** कोर्ट ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से जुड़ी बड़ी साजिश के मामले में उमर खालिद समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर सुनवाई टल गई है। एडिशनल सेशंस जज अमिताभ रावत ने मामले की अगली सुनवाई 14 सितंबर को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान आरोपितों की ओर से पेश वकील ने कहटा कि दिल्ली पुलिस ये बताए कि जांच पूरी हुई है या नहीं। तब दिल्ली पुलिस ने कहा कि मामले के आरोपित देवांगन कलीता और आसिफ इकबाल तान्हा मामले का ट्रायल शुरू करने में जानबूझ कर देरी कर रहे हैं।

## बीजेपी-जेडीएस लोकसभा चुनाव साथ लड़ेगी: एचडी देवेगौड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**पिछले** तीन दिनों से बीजेपी और जनता दल सेक्युलर के बीच गठबंधन को लेकर जारी बयानबाजी पर अब विराम लग गया है। जेडीएस सुप्रीमो और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने 11 सितंबर को पुष्टि कर दी कि बीजेपी और जेडीएस लोकसभा चुनाव साथ लड़ेगी। उन्होंने बेंगलुरु में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- दोनों पार्टियों के नेताओं के बीच साथ चुनाव लड़ने पर सहमति बन गई है। जेडीएस कितने सीटों पर लड़ेगी, इस पर मैं पीएम मोदी से बातचीत के बाद फैसला करूंगा। जेडीएस सुप्रीमो देवेगौड़ा ने कहा कि मैंने यह फैसला पार्टी के अस्तित्व को बचाने के लिए किया है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों के गठबंधन इंडिया के बारे में कहा- मैं इतना बड़ा सेक्युलर नेता हूं, फिर भी मुझसे गठबंधन का हिस्सा बनने के लिए कांग्रेस ने संपर्क तक नहीं किया।



**4 दिन पहले बीएस येदियुरप्पा ने गठबंधन का दावा किया था:** 8 सितंबर को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने कहा था- जेडीएस लोकसभा चुनाव भाजपा के साथ मिलकर लड़ेगी। गृहमंत्री अमित शाह (जेडीएस) को लोकसभा की 4 सीटें देने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि, पहले खऊ कर्नाटक की 28 सीटों में से पांच सीटें मांग रही थी। अगले ही दिन यानी 9 सितंबर को पूर्व मुख्यमंत्री और एचडी कुमारस्वामी ने भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा के साथ आने वाले बयान को नकार दिया।

## अतीक-अशरफ की हत्या: 6 अक्टूबर को होगी 'सुप्रीम' सुनवाई

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने अतीक अहमद और अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या की जांच की मांग पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस एस रविंद्र भट्ट की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई 6 अक्टूबर को किए जाने का आदेश दिया। 11 अगस्त को कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से 2017 से अब तक यूपी में हुए एनकाउंटर के मामले में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था। बहन आयशा नूरी ने हत्या की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में आयोग का गठन करने की मांग की है।

**बुनियादी** सीमावर्ती इलाकों में 11 हजार करोड़ रुपये की 295 परियोजनाएं पूरी की गईं, रक्षा मंत्री 12 सितंबर को 90 नई परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे

## चीन को सीमा पर बुनियादी ढांचे के मामले में पछाड़ देगा भारत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** आने वाले दो से तीन वर्षों में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के सीमावर्ती इलाकों में बुनियादी ढांचा का विकास करने के मामले में चीन को पछाड़ देगा। यह दावा करते हुए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने बताया कि भारत अब लद्दाख के न्योमा में दुनिया का सबसे ऊंचे लड़ाकू हवाई क्षेत्र का निर्माण करने जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 सितंबर को जम्मू के देवक पुल से बीआरओ की 90 नई परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने बताया कि चीन के सीमावर्ती इलाकों में बुनियादी ढांचे के विकास पर पूरा जोर दिया जा रहा है। चीन सीमा से 50 किमी. से कम दूरी पर भारत ने लद्दाख के हवाई क्षेत्र को अपग्रेड करना शुरू कर दिया है। इसके लिए न्योमा एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) पर लड़ाकू अभियानों के लिए 2.7 किमी लंबा कंक्रीट रनवे बनाया जा रहा है। यह 13,700 फीट की ऊंचाई पर चीन की नजरों से दूर दुनिया का सबसे ऊंचा हवाई क्षेत्र होगा। यह एयरबेस चीन सीमा पर एलएसी के सबसे नजदीक होने के कारण रणनीतिक रूप से संवेदनशील होने के साथ ही महत्वपूर्ण भी है। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार और जीवन को आसान बनाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 सितंबर को बीआरओ की 90 नई परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें से 26 परियोजनाएं लद्दाख में और 36 अरुणाचल में हैं, इसलिए हमारा ध्यान पूरी तरह से इन दो राज्यों पर है।



**निर्माण**

▶▶ अब लद्दाख के न्योमा में दुनिया का सबसे ऊंचे लड़ाकू हवाई क्षेत्र का निर्माण करने जा रहा है

## दिल्ली सरकार ने पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के पर्या**वरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को बताया कि सर्दी के मौसम में पटाखों से होने वाले प्रदूषण से दिल्ली की हवा काफी प्रदूषित हो जाती है और यह प्रदूषण बच्चों एवं बुजुर्ग के लिए बहुत ही घातक होता है। इसके मद्देनजर सभी तरह के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) और पटाखों को जलाने पर सरकार द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है। इस सम्बन्ध में डीपीसीसी को सभी सम्बन्धित विभागों को जरूरी निर्देश जारी करने का निर्देश दिया गया है। जिस प्रकार दिल्ली में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है, उसी प्रकार एनसीआर के राज्यों में प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि एनसीआर में छोड़े गए पटाखों का दुष्प्रभाव दिल्ली की हवा पर पड़ता है। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के अंदर सर्दियों में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। जनवरी से लेकर अगस्त के महीने तक दिल्ली का औसत एक्यूआई काफी कम रहा है। रविवार को दिल्ली में एक्यूआई 45 रिकॉर्ड किया गया लेकिन धीरे-धीरे अक्टूबर के महीने में सर्दी बढ़ने के साथ दिल्ली के वातावरण में नमी आती है और यहां के पार्टिकल मैटर जमा होने शुरू होते हैं। इसमें दिल्ली के बाहर और दिल्ली के अंदर का प्रदूषण हवा को प्रदूषित बना देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 23 अक्टूबर, 2018 में केवल ग्रीन पटाखे के निर्माण और बेचने की इजाजत दी थी।



**निर्देश**

▶▶ सर्दी के मौसम में पटाखों से होने वाले प्रदूषण से दिल्ली की हवा काफी प्रदूषित हो जाती है

# 'विकास की रुकी हुई गंगा फिर बहने लगेगी'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जैन ने कहा है कि कांग्रेस का विधायक एवं मेयर चुनने के बाद जनता को क्या मिला, इसका चिंतन शहरवासियों को ठंडे दिमाग से करना चाहिए, इस बार फिर हमें समर्थन एवं आशीर्वाद दोगे तो विकास की रुकी हुई गंगा फिर से बहने लगेगी। गांव गढ़ी ब्राह्मणान में आयोजित सभा में स्वागत से अभिभूत कविता जैन ने कहा कि आजादी के बाद गढ़ी ब्राह्मणान में चौपालों, डिस्पेंसरी, गलियों, पार्क,शमशान, स्कूल का दर्जा 12 वीं तक करने, मुख्य सड़क का निर्माण जैसे अनेकों कार्य हुए परन्तु अब जनता कांग्रेस को वोट देकर ठगा सा महसूस कर रही है! उन्होंने आगे कहा कि फिर भी हम



प्रयास करके जल्द ही शहर की सड़कों के पुर्ननिर्माण का कार्य शुरू करवा देंगे और पीने के पानी तथा सिवरेज की जिन जिन कालोनियों में काम चल रहा है उन्हें पूरा करवाएंगे। सभा को सम्बोधित करते हुए राजीव जैन ने कटाक्ष किया कि लोग तो जितने के बाद नजर नहीं आते, हम तो चुनाव जीते या हारे हमेशा 24 घंटे जनता के सुख दुःख में खड़े रहते हैं, इसी सेवा का संकल्प हमने ले रखा है ! उन्होंने आगे कहा कि 2024 का चुनाव नजदीक है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व गुरु बनाने का संकल्प ले रखा है, इसलिए हमें तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का दृढ़ निश्चय करना चाहिए !

सभा में जिले सिंह चौहान, नवीन मंगला, संजीव वलेचा, कृष्ण कांत, जसवंत चौहान, सुनील, श्री कांत, महेंद्र, विक्की, कृष्ण, ओम प्रकाश, जोगेंद्र सेठा, बलवान, ओम, राणा, बहादुर, साहब सिंह, ज्योति, कौशल्या, संदीप आदि सैंकड़ो निवासी उपस्थित रहे।

**संकल्प**

▶▶ शहर की सड़कों के पुर्ननिर्माण का कार्य शुरू करवा देंगे, सिवरेज की जिन जिन कालोनियों में काम चल रहा है उन्हें पूरा करवाएंगे

# विज ने बिजली निगम अधिकारियों को दिए निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** नगर परिषद अम्बाला सदर में जुड़े गांव सरसेहड़ी, चंदपुरा और आधे रामपुर की बिजली आपूर्ति जल्द शहरी फीडर से होगी। इस संबंध में गृह मंत्री अनिल विज ने सोमवार बिजली निगम के अधिकारियों को कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए।
गृह मंत्री अनिल विज के प्रयासों से पूर्व में ही नगर परिषद अम्बाला सदर से जुड़े गांवों में बिजली आपूर्ति शहरी फीडर से जोड़ी जा चुकी थी। मगर, सरसेहड़ी, चंदपुरा और आधे रामपुर में अभी ग्रामीण फीडर से ही बिजली आपूर्ति हो रही थी जोकि बहुत जल्द शहरी फीडर से जुड़ेगी। शहरी फीडर से सप्लाई होने पर इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बेहतर होगी।
सोमवार गृह मंत्री अनिल विज अपने आवास पर लोगों की जनसमस्याओं को सुन रहे थे और इसी दौरान उन्होंने अधिकारियों को यह दिशा-निर्देश दिए।
गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष बिजली निगम चौड़मस्तपुर में कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी शिकायत देते हुए बताया कि चौड़मस्तपुर के एसडीओ द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकारी कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार कर रहा है। गृह मंत्री अनिल विज ने इस मामले में बिजली निगम के एसई को जांच के निर्देश दिए। टुंडला से आई दिव्यांग महिला ने अपने पति के खिलाफ शिकायत देते हुए बताया कि उसका पति उसे छोड़ दूसरी शादी करना चाहता है, मामले में मंत्री विज ने एसपी को जांच के निर्देश दिए। ट्यूबवेल कालोनी निवासी व्यक्ति ने बिजली बिल ठीक कराने बारे शिकायत दी। इसी तरह बब्याल निवासी व्यक्ति ने धर के पास पानी निकासी, पूजा विहार निवासी व्यक्ति ने कुछ लोगों द्वारा मारपीट करने एवं अन्य शिकायतें सामने आई जिसपर गृह मंत्री अनिल विज ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।
गृह मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर विभिन्न विकास कार्यों को लेकर नगर परिषद अधिकारियों के साथ बैठक की और दिशा-निर्देश दिए। विभिन्न स्थानों पर सौंदर्यीकरण के लिए गृह मंत्री अनिल विज ने पौधरोपण कराने के निर्देश दिए।

**कार्रवाई**

▶▶ विज के प्रयासों से पूर्व में ही नगर परिषद अम्बाला सदर से जुड़े गांवों में बिजली आपूर्ति शहरी फीडर से जोड़ी जा चुकी थी

# जरूरतमंद कन्याओं को निशुल्क वितरित की गई सिलाई मशीन

**सेवा**

▶▶ गरीब व जरूरतमंद की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। यही सच्ची मानवता की सेवा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**झांसा रोड़ श्याम कालोनी महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में स्थित श्री स्थानेश्वर महादेव मंदिर द्वारा संचालित सिलाई कढ़ाई सिखलाई केंद्र में जरूरतमंद कन्याओं को सिलाई मशीन व अन्य सामग्री के मुफ्त वितरण का कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम महंत प्रभात पुरी सोशल वैलफेयर ट्रस्ट के सौजन्य से अध्यक्ष महंत वंशी पुरी जी महाराज के आशीर्वाद व स्वामी रोशन पुरी जी के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रस्ट के उप-प्रबंधक रमेश



सचदेवा रहे। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि सदस्य अनिल पोपली के माध्यम से एक अज्ञात ने अपनी पुत्री बेबी साक्षी के नाम से यह दान वितरण करवाया। एक जरूरतमंद लड़की जिसकी शीघ्र ही शादी प्रस्तावित है। उसको कन्या दान स्वरूप एक सिलाई मशीन भेंट की गई। सचदेवा ने अपने संबोधन में कहा कि गरीब व जरूरतमंद की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। यही सच्ची मानवता की सेवा है। प्राचार्य राठोर ने अज्ञात दानकर्ता व सहयोगी का आभार करते हुए कहा कि हर संपन्न व्यक्ति अपनी आय का एक हिस्सा समाजसेवा में लगाए। ऐसा करने से जहां भगवान खुश होते हैं वहीं स्वयं की संतुष्टि व तृप्ति होती है इस अवसर पर उप-प्राचार्य मंजुला शर्मा, रीटा रानी, डा. संतोष शर्मा, रेखा धीमान, सरिता शर्मा, कुसुम शर्मा, ज्या वत्स, रितू धीमान, हैड टीचर सुशीला, अनु पाहवा, अमिता रानी, सुमन धीमान, महेंद्र सैनी, शोभा शर्मा, ज्योति रानी,शुभम शर्मा, अनूप शर्मा, आलिषा अरोडा, चांदनी चड्ढा , सीमा रानी व मधु शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# नगर परिषद ने चलाया रेहड़ी-फड़ी वालों के लिए जागरूकता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी नगर परिषद द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। छावनी नगर परिषद के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री सवनिधि योजना का लाभ प्रत्येक रेहड़ी फड़ी वाले तक पहुंचे। इसको लेकर विशेष कदम उठाया जा रहा है। नगर परिषद की ओर से अंबाला छावनी की सब्जी मंडियों में नगर परिषद के रवि पाहवा, अनुराग शर्मा व उनकी टीम द्वारा रेहड़ी फड़ी वालों को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें बताया जा रहा है कि जिन लोगों ने अभी तक लाईसेंस नहीं बनाए वह अपने लाइसेंस बनवाए जिससे उन्हें प्रधानमंत्री सवनिधि योजना का लाभ मिल सके।

# हाथीरा स्कूल में बेहतरीन तरीके से किया जा रहे कार्य: राजकुमार तुषार

**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**उप** जिला शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र राजकुमार तुषार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हथीरा का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उनकी टीम में नरेश कुमार गर्ग प्राचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलसा उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार ने उप जिला शिक्षा अधिकारी एवं उनकी टीम का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया तथा निरीक्षण टीम ने प्रत्येक कक्षा - कक्ष का निरीक्षण किया। उप जिला शिक्षा अधिकारी ने सेट परीक्षा रजिस्टर, बालिका मंच, एस.एम.सी., महिला सेल, उड़ान, अध्यापक डायरी तथा अन्य



शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन करने के पश्चात प्राचार्य तथा सभी स्टाफ सदस्यों की भूरि - भूरि प्रशंसा की। अंत में उप जिला शिक्षा अधिकारी ने हर्बल पार्क में हर्बल पौधा रोपण करने के उपरांत स्टाफ मीटिंग बलाई जिसमें उप जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्टाफ सदस्यों को अच्छे कार्य के लिए बधाई दी और आगामी परीक्षा के लिए मार्गदर्शन किया एवं और अधिक उत्साह से कार्य करने का आह्वान किया ' इस अवसर पर मदनपाल चौहान,श्रीमती इंदु भाटिया,श्रीमती रेणु बाला, रघुवीर शास्त्री, कैलाश नाथ तथा सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# केयू वाणिज्य विभाग के शोधार्थियों ने आईआईएम जम्मू में प्रस्तुत किए शोध पत्र



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के शोधार्थियों ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट जम्मू द्वारा इंटरनेशनल फाइनेंश एंड एकाउंटिंग विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईएफएसी 2023) में शोध पत्र प्रस्तुत किए। केयू कॉमर्स विभाग के अध्यक्ष प्रो. महावीर नरवाल ने शोधार्थियों शोभा, पिंकी, कवलजीत, नैंसी, दीपिका, सीमा, रजत और हरप्रीत को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के सम्मेलन में हिस्सा लेने से न केवल विद्यार्थियों की शोध गुणवत्ता में सुधार आता है बल्कि उनको शोध संबंधित विचारों के आदान प्रदान का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मेलन में विषय विशेषज्ञ से संबंधित विषयों के बारे में गहन तथ्यों का पता चलता है।

# फोटोग्राफर एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के प्रधान बने संजीव शर्मा

**जिम्मेवारी**

▶▶ संगठन समय-समय पर मदद करना, सर्दियों के दिनों में गरीबों को वस्त्र बांटना इत्यादि कार्य करता है



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक)** आज एक निजी होटल में फोटोग्राफर एसोसिएशन कुरुक्षेत्र की बैठक में सन 2023-2024 के लिए फोटोग्राफर एसोसिएशन का सर्वसम्मति से चुनाव कराया गया। बैठक में संजीव शर्मा को प्रधान, जोंटी को सचिव , विनोद सैनी को कोषाध्यक्ष सर्व समिति से चुना गया। संगठन के सक्रीय सदस्य नीरज भारद्वाज ने बताया कि संगठन फोटोग्राफी के साथ-साथ सामाजिक कार्य भी करता है। बरसात के दिनों में पौधारोपण करना तथा रक्तदान शिविर लगाना और असहाय व जरुरतमंदों की समय-समय पर मदद करना, सर्दियों के दिनों में गरीबों को वस्त्र बांटना इत्यादि कार्य करता है। संगठन के जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा ने संगठन के सभी सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनको और उनकी टीम को जो जिम्मेवारी संगठन ने सौंपी है वह सदैव अपनी जिम्मेवारी के साथ निर्वहन करेंगे और सभी साथियों को साथ लेकर भविष्य में भी समाज सेवा के कार्यों को करते रहेंगे ।

# खेल आयोजनों से बढ़ता है आपसी भाईचारा: गर्ग



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा** (दलबीर मलिक)लाडवा ब्लॉक के गांव अंटेड़ी में रविवार को बालाजी खेल एकेडमी की ओर से एक कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन करवाया गया। जिसका शुभारंभ स्टालवार्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा रिबन काटकर किया गया।
बालाजी खेल अकादमी के सदस्य गौरव ने बताया कि गांव एंट्रेड़ी में गांव की ओर से एक कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन करवाया गया। जिसमें प्रदेश भर की लगभग 16 टीमों ने भाग लिया। जिसका शुभारंभ समाज सेवी संदीप गर्ग द्वारा रिबन काटकर किया गया।
वहीं मौके पर पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है और जो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन, इस प्रकार की गांव की टूर्नामेंट में भाग लेकर करते हैं वह एक दिन बड़े खिलाड़ी अवश्य बनते हैं । उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को इस प्रकार के आयोजनों में अवश्य भाग लेना चाहिए। इससे पूर्व समाजसेवी संदीप गर्ग का वहां गांव में पहुंचने पर अकादमी की ओर से स्वागत किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर परसरपंच प्रतिनिधि सुरजीत सिंह, महिंदर सिह, सतीश कुमार, जरनैल सिंह, बंटी, हरदेव सिंह, सौरव शर्मा, प्रेम कुमार, मामचंद, पवन, देवेंद्र, संजीव कुमार व संजय कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**पौधा लगाया**

▶▶ 16 टीमों ने भाग लिया। जिसका शुभारंभ समाज सेवी संदीप गर्ग ने रिबन काटकर किया

# फरीदाबाद के छात्र और अध्यापक शैक्षणिक भ्रमण की समाप्ति पर हुए भाव विभोर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक )**फरीदाबाद से आए अध्यापकों और छात्राओं के कुरुक्षेत्र के शैक्षणिक भ्रमण की समाप्ति पर अब मौका था विदाई का। सुबह नाश्ता लेकर बच्चों और शिक्षकों को विदाई समारोह के लिए हॉल में उपस्थित होने के लिए कहा गया लेकिन भावना से परिपूर्ण अध्यापकों और छात्राओं का कुरुक्षेत्र के अध्यापकों द्वारा दिये गए सम्मानित आतिथ्य से भावातिरेक समूह के कदम ठहर से गए। हॉल में इकट्ठा होने के बाद जैसे ही अध्यापक व विद्यार्थी अपने अपने अनुभव



साँझा करने लगे तब जैसे कंठ अवरुद्ध से हो गए । आँख नम हो गई बस बच्चों और अध्यापकों का शब्दविहीन हो जाना जैसे समय को रोकने की पुकार हो लेकिन नियति के अनुसार शैक्षणिक यात्रा का समापन उनकी विदाई एक समयबद्ध आयोजन निश्चित था। देवांगी कुरुक्षेत्र में मिली आवभगत से भावविभोर नजर आई। मिंटो भारद्वाज के द्वारा रहने की व्यवस्था से अध्यापक संतुष्ट व खुश दिखे। भगवानदास के कुशल प्रबन्धन के बच्चे व अध्यापक नतमस्तक और कायल हो गए और प्रतिक्रिया में भविष्य में फरीदाबाद में होने वाले कार्यक्रमों में इतनी निष्ठा से सुंदर व्यवस्था करने का वचन दिया। मीडिया प्रभारी दया सिंह स्वामी और स्टेज संचालक रमेश बौद्ध ने बच्चों के भविष्य की सुंदर मंगलकामना की। इस अवसर पर जिला उप शिक्षा अधिकारी राजकुमार, नरेश गर्ग, पवन मित्तल, रमेश गुप्ता, राजेश, जिला विज्ञान विशेषज्ञ, जिला गणित विशेषज्ञ विजय भारद्वाज इत्यादि उपस्थित रहे।

**सम्मान**

▶▶ अध्यापकों और छात्राओं का कुरुक्षेत्र के अध्यापकों द्वारा दिये गए सम्मानित आतिथ्य से भावातिरेक समूह के कदम ठहर से गए

# सरकार अतिथि अध्यापकों को जल्द से जल्द करें नियमित: स्वीटी



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (दलबीर मलिक)**शाहाबाद के अतिथि अध्यापकों के साथ उनकी मांगों को लेकर करनाल में पहुंची कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा। स्वीटी रंगा ने सरकार से मांग की अतिथि अध्यापकों को जल्द से जल्द नियमित किया जाए। स्वीटी रंगा ने कहा कि गेस्ट टीचर लगभग 18 वर्षों से सरकारी स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और बच्चों की भविष्य के निर्माण में लगे हुए हैं । लेकिन अतिथि अध्यापकों का भविष्य खुद अंधकार में है सरकार को पॉलिसी बनाकर जल्द से जल्द सभी अतिथि अध्यापकों को एक कलम से नियमित करना चाहिए। कितने अध्यापक सेवा के दौरान मृत्यु हो गई है उनका परिवार बाद में आर्थिक तंगी से जूझ रहा है क्योंकि अतिथि अध्यापकों को सेवानिवृत होने के बाद भी कोई सुविधा नहीं मिल रही। इस रैली में शाहबाद से सैकड़ो अतिथि अध्यापक पहुंचे।

# गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** भारत विकास परिषद् महर्षि दयानंद शाखा ने संरक्षक प्रदीप गोयल, सह संरक्षक दीपक राय आनंद, विवेक गुप्ता व अध्यक्ष अजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में 9 शिक्षण संस्थानों के कार्यक्रमों के बाद 8 सितंबर को एस ए जैन विजय वल्लभ स्कूल में, 9 सितंबर को एन एम एम डी माडल स्कूल में व आज 11 सितंबर को श्री राधे लाल गीता विद्या मंदिर में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में परंपरा अनुसार परिषद् के पांच सूत्रों, सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए, छात्रों द्वारा विधिवत गुरूजनों को पूजा तिलक कर उनके चरण स्पर्श कर इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एस ए जैन विजय वल्लभ स्कूल में अध्यापिका



कविता व छात्र यतार्थ वर्मा, एन एम एम डी माडल स्कूल में अध्यापिका सत्या गुप्ता व छात्रा अर्शिता शर्मा, श्री राधे लाल गीता विद्या मंदिर में अध्यापिका दिव्या शर्मा व छात्राएं साक्षी व मीनाक्षी को सर्वश्रेष्ठ अध्यापक व सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इन प्रकल्पों में अध्यक्ष अजय अग्रवाल, सचिव राकेश मक्कड़, संगठन सचिव एवं संयोजक मनोज गर्ग, सह संयोजक सुशील अग्रवाल, शरद सिंघल, विनोद जांगड़ा, मंजू गर्ग व शिवानी जिंदल, गीतू सिंघल मौजूद रहे। यह जानकारी शाखा के प्रेस सचिव श्रीकृष्ण सैनी ने सांझा करते हुए आगामी प्रकल्पों के बारे में बताया कि आगामी रविवार 17 सितंबर को परिषद् द्वारा संयोजक अमित चानना की अगुवाई में संरक्षक प्रदीप गोयल की माता के जन्मदिवस पर उनकी पुण्य स्मृति में व माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शहर के पंचायत भवन में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें शहर के विधायक असीम गोयल, गेल की पूर्व चेयरमैन बंतो कटारिया व अन्य गणमान्य व्यक्ति शिरकत करेंगे। उन्होंने सभी रक्तदाताओं से इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने व रक्तदान की अपील की है।

**संस्कृति**

▶▶ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर को रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

# 'एक अक्तूबर से आरम्भ होगी धान खरीद'

## धान बिक्री की मंडियों के पास अग्निशमन वाहनों की तैनाती करें अधिकारी: दुष्यंत

**निर्देश**

**खरीफ मार्केटिंग सीजन में खरीद की जाने वाली फसलों की खरीद के लिए मंडियों में प्रबंध करने के भी निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बार धान बिक्री की मंडियों के पास अग्निशमन वाहनों की तैनाती करें ताकि किसी कारणवश मंडी में होने वाली आगजनी की घटनाओं पर तुरंत काबू पाया जा सके। उन्होंने खरीफ मार्केटिंग सीजन में खरीद की जाने वाली फसलों की खरीद के लिए मंडियों में उचित प्रबंध करने के भी निर्देश दिए। डिप्टी सीएम , जिनके पास खाद्य ,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग का प्रभार भी है , ने आज यहाँ विभागीय अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की। दुष्यंत चौटाला ने बैठक के बाद जानकारी दी कि वैसे तो भारत सरकार द्वारा आगामी एक अक्टूबर से धान और बाजरा की खरीद शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं फिर भी किसानों की डिमांड को देखते हुए उन्होंने केंद्र सरकार को 20 सितंबर से बाजरा तथा 25 सितम्बर से धान की खरीद आरम्भ करने के लिए पत्र लिखा है। अगर अनुमति मिलती है तो यह खरीद प्रक्रिया एक अक्टूबर से पहले भी शुरू की जा सकती है। उन्होंने बताया कि धान की खरीद खाद्य ,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग , हैफेड , हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन तथा भारतीय खाद्य निगम द्वारा की जाएगी। डिप्टी सीएम के अनुसार राज्य में मक्का की खरीद 20 सितम्बर से , मूंग एक अक्तूबर से , तिल, अरहर , उड़द की खरीद एक दिसंबर से शुरू की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इस बार धान की खरीद करने का लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन रखा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि धान खरीद के लिए 215 खरीद केंद्र , बाजरा के लिए 92 , मक्का के लिए 19 , सूरजमुखी के लिए 13 , मूंग के लिए 38 ,तिल के लिए 27 , अरहर के लिए 22 तथा उड़द के लिए 10 खरीद केंद्र निर्धारित किये गए हैं। इस अवसर पर खाद्य ,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा , कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव विजयेंद्र कुमार , हैफेड के प्रबंध निदेशक जे.गणेशन , विभाग के निदेशक मुकुल कुमार, संयुक्त निदेशक अनीता खर्ब समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।





### 'मुंबई- एक्सप्रेस वे तथा दिल्ली -जम्मू कटरा एक्सप्रेस वे पर बनेंगी नई एयरस्ट्रिप'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मुंबई-एक्सप्रेसवे पर नूह तथा गुरुग्राम जिला में और दिल्ली -जम्मू कटरा एक्सप्रेसवे पर जींद एवं कैथल जिला में नए एयरस्ट्रिप बनाने के लिए संभावनाएं तलाशें , इसके लिए ई-भूमि पोर्टल पर 100 - 100 एकड़ जमीन का खाका तैयार करें। इसके अलावा , प्रदेश में ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए भी रुपरेखा बनाएं। उन्होंने हिसार एयरपोर्ट से जुड़े प्रोजेक्ट्स निर्धारित अवधि में पूरे करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी लगातार उन्हें रिपोर्ट करेंगे। डिप्टी सीएम , जिनके पास नागरिक एवं उड्डयन विभाग का प्रभार भी है , आज यहाँ विभागीय अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि करनाल , भिवानी , नारनौल तथा पिंजौर में एयरस्ट्रिप पर हेंगर बनाए जाएंगे। उन्होंने नारनौल को छोड़कर राज्य की अन्य सभी एयरस्ट्रिप पर एमआरओ ( मैनटेंनेंस रिपेयर एंड ओवरहॉल )शुरू करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने उक्त कार्यों के अतिरिक्त हिसार एयरपोर्ट तथा प्रदेश की विभिन्न एयरस्ट्रिप पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में दुष्यंत चौटाला को जानकारी दी गई कि नए स्टैंडर्ड एटीसी के निर्माण होने तक टेंपरेरी एटीसी स्थापित किया जा रहा है जिसके जल्द टेंडर खोले जा रहे हैं। इसके अलावा मानसून ड्रेन , आइसोलेशन-बे , वेहिकुलर लेन , नेविगेशन ऐड्स , सिक्योरिटी वॉच -टॉवर्स , पेरिमीटर रोड आदि के बारे में पूछताछ की गई। अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट के एरिया से 132 केवी ईएचटी पॉवर लाइन्स को शिफ्ट करने का कार्य प्रगति पर है और जल्द ही पूरा हो जाएगा।

# खरीफ फसलों की खरीद को लेकर तैयारी शुरू



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि खरीफ फसलों की खरीद के लिए हरियाणा सरकार ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि, 1 अक्टूबर से धान की खरीद शुरू होती है, लेकिन हमने भारत सरकार से 20 सितंबर से खरीफ फसलों की खरीद करने की अनुमति मांगी है, ताकि राज्य में खरीद शुरू होने से धान की जल्द आवक होने से किसानों को कोई नुकसान न हो। जेपी दलाल ने यह जानकारी आज यहां पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए दी। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि केंद्र से जल्द ही खरीद की अनुमति मिल जाएगी और अनुमति प्राप्त होते ही हम खरीद प्रक्रिया आरंभ कर देंगे।

**किसानों को घबराने की जरूरत नहीं, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सरकार करेगी बीमा:** जे पी दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कंपनी द्वारा जिन किसानों का बीमा नहीं किया गया है, अब उनका बीमा प्रदेश सरकार करेगी। कृषि मंत्री ने किसानों को आश्वस्त किया कि किसान भाइयों को चिंता करने की जरूरत नहीं हैं, सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बीमा कंपनियों के लिए 3 क्लस्टर बने हुए हैं। क्लस्टर -1 में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी, भारत सरकार को बीमा का कार्य दिया हुआ है। क्लस्टर 2 भी इसी कंपनी को आवंटित किया गया था, लेकिन न्यायालय में मामला होने के कारण कंपनी ने इस क्लस्टर में काम करने से मना कर दिया। किसानों के हितों को देखते हुए अब सरकार ने निर्णय लिया है कि क्लस्टर- 2 में जिन किसानों ने प्रीमियम राशि भरी हुई है।

# हरियाणा में हो रहा चहुंमुखी विकास: सहकारिता मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि अंत्योदय व सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के नारे को चरितार्थ करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। विकास की इस लहर में बावल क्षेत्र भी अछूता नहीं रहा और क्षेत्र को अनेक विकास परियोजनाओं की सौगात मिली है। सहकारिता डा. बनवारी लाल आज रेवाड़ी के बावल शहर में विभिन्न स्थानों पर अनेक विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास करने उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने डा. भीमराव अंबेडकर पार्क नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास, अटल डिजिटल लाईब्रेरी का शिलान्यास व भगतराम चौक पर स्थित नवनिर्मित 16 दुकानों का उद्धघाटन किया।

# 'सही दिशा में हो युवाओं की ऊर्जा का संचार, तभी बनेगा भारत विश्वगुरु'

**निर्यात**

**युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहना चाहिए। नशा दलदल के समान है। नशे के कारण पूरे के पूरे परिवार खत्म हो जाते हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**युवाओं की** ऊर्जा को सही दिशा मिलने पर ही भारत विश्वगुरु बनने की ओर बढ़ेगा, इसके लिए सभी को एक साथ मिलकर नशे के खिलाफ जन जागरण की अलख जगानी होगी। ड्रग्स फ्री हरियाणा को लेकर जिला चरखी दादरी में पहुंची साइकिल यात्रा के तहत रोज गार्डन में आयोजित सांस्कृतिक संध्या को संबोधित करते हुए कार्यक्रम में नगर परिषद के चेयरमैन बक्शी राम सैनी ने ये बात कही। उन्होंने युवाओं से अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाने की अपील की। उन्होंने आमजन विशेषकर युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहना चाहिए। नशा दलदल के समान है। नशे के कारण पूरे के पूरे परिवार खत्म हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा का संचार सही दिशा में हो और युवाओं की ऊर्जा देश के विकास में लगे तो भारत विश्व गुरु बनने में तेजी से आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में शुरू की गई साइकिल यात्रा नशे के खिलाफ एक बहुत बड़ी मुहिम है और इस यात्रा का संदेश निश्चित रूप से दूर-दूर तक जाएगा। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त डा जयेंद्र सिंह ने कहा कि नशामुक्ति की इस मुहिम में सरकार का सहयोग करते हुए प्रदेश के हर एक व्यक्ति को एकजुट होकर अन्य लोगों को जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश हित में नशे की चैन को तोड़ना हम सबकी जिम्मेदारी है। हरियाणा में शुरू की गई साइकिल यात्रा नशे के खिलाफ एक बहुत बड़ी मुहिम है और इस यात्रा का संदेश निश्चित रूप से दूर-दूर तक जाएगा। सीईओ प्रदीप कौशिक ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों का जिला प्रशासन की ओर से स्वागत किया और सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई इस मुहिम से जुड़ने की अपील की।

**कलाकारों ने सांस्कृतिक मंच से दिया ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश:** सांस्कृतिक संध्या में ड्रग फ्री हरियाणा थीम पर प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम की शुरूआत वैश्य स्कूल के छात्रों की टीम ने देशभक्ति गीतों से की। कवि महेंद्र मास्टर ने अपने चुटकुलों से लोगों को खूब गुदगुदाया।

# विद्यालय नए परीक्षा केन्द्र के लिए 30 तक कर सकते हैं आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित करवाई जाने वाली सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा मार्च-2024 के लिए राजकीय व अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय नया परीक्षा केन्द्र बनवाने के लिए निर्धारित शुल्क एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित 30 सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। डाऊनलोड कर उसे पूर्ण रूप से भरकर अपने संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी की सिफारिश सहित निर्धारित तिथि 30 सितम्बर, तक बोर्ड कार्यालय में दस्ती/पंजीकृत डाक के माध्यम से भिजवाना सुनिश्चित करें।

# प्रदेश में परिवार जोड़ो अभियान को लेकर 'आप' ने किया मंथन

**चर्चा**

**दिल्ली-पंजाब के फ्री और 24 घंटे बिजली की चर्चा आज पूरे प्रदेश में है। अब हरियाणा की जनता 24 घंटे बिजली चाहती है**



**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली चंडीगढ़**
**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता और प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक भी मौजूद रहे। वहीं प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा और उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा के साथ हरियाणा से सचिव स्तर के पदाधिकारियों ने बैठक में हिस्सा लिया। इसमें आगामी दिनों में संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की। वहीं प्रदेश में परिवार जोड़ो अभियान को लेकर भी पार्टी की रणनीति साझा की। डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि आम आदमी पार्टी का संगठन गांव और बूथ स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्ति आगामी डेढ़ माह में की जाएगी। इसको लेकर प्रदेश में चल रही तैयारियों की जानकारी साझा गई। इस दौरान राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से हरियाणा में आने के लिए समय मांगा गया। वहीं परिवार जोड़ो अभियान को लेकर भी प्रदेश के हर विधानसभा में चल रही तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। डॉ. अशोक तंवर ने प्रदेश में आम आदमी पार्टी के सफल बिजली आंदोलन को लेकर चर्चा की। वहीं उन्होंने बताया कि जल्द ही आगामी बूथ स्तर तक संगठन के विस्तार को लेकर परिवार जोड़ो अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने हरियाणा के पार्टी के मजबूत संगठन और 2 लाख से ज्यादा पदाधिकारियों की टीम गठित करने को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि डेढ़ माह में प्रदेश के हर गांव के प्रत्येक बूथ पर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी नियुक्त होंगे। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी का बिजली आंदोलन प्रदेश के प्रत्येक घर तक पहुंचा। वहीं दिल्ली और पंजाब के फ्री और 24 घंटे बिजली की चर्चा आज पूरे प्रदेश में है। उन्होंने बताया कि अब हरियाणा की जनता भी फ्री और 24 घंटे बिजली चाहती है।

# बाल विकास स्कूल के हार्दिक ने लेबनान में जीता कांस्य पदक

## बाल विकास स्कूल में किया गया हार्दिक अहलावत का स्वागत व सम्मान

**स्वागत**

**दसवीं के छात्र हार्दिक ने एशियन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीता है कांस्य पदक, हुआ भव्य स्वागत**



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** बाल विकास स्कूल के हार्दिक अहलावत ने लेबनान के बेरूत में हुई एशियाई ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर हरियाणा व भारत का नाम विश्व में रोशन किया है। लेबनान से वापस पहुंचे हार्दिक अहलावत का स्कूल में डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर ,छात्रों,परिजनों सहित खेल प्रेमियों ने स्वागत किया। शहीद ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन से खुली गाड़ी में हार्दिक अहलावत को बैठाकर स्कूल के प्रांगण तक स्वागत यात्रा भी निकाली। हार्दिक अहलावत का फूलों व नोटों की माला पहनाकर स्वागत व सम्मान करते हुए बाल विकास स्कूल के डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर ने बताया कि लेबनान की धरती पर बहादुरगढ़ के लाल हार्दिक अहलावत ने तिरंगा फहरा कर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। हार्दिक अहलावत ने पांचवी एशियाई ताईक्वांडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है। हार्दिक बाल विकास स्कूल का छात्र है और लेबनान में हुई प्रतियोगिता में हार्दिक ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए ये उपलब्धि हासिल की है।
इस अवसर पर हार्दिक अहलावत ने बताया कि इससे पहले चैम्पियन ऑफ चैम्पियन नेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था। हार्दिक का कहना है कि वो आगे और ज्यादा मेहनत करेगा और देश के लिए ओलंपिक में मेडल जीतना उसका सपना है। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य पूनम चौधरी ने बताया कि हार्दिक अहलावत बाल विकास स्कूल में दसवीं कक्षा का छात्र है। दिनांक 4 से 9 सितंबर तक लेबनान के बेरूत में हुई प्रतियोगिता की 180 सेंटीमीटर हाइट कैटेगरी में हार्दिक ने कांस्य पदक हासिल किया है। हार्दिक की उपलब्धि पर कोच, स्कूल स्टाफ और परिजन बेहद खुश है, और उसे उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी है।

# सॉफ्ट पॉवर के साथ 2024 में विजयी लक्ष्य प्राप्त करेगी भाजपा: ओम प्रकाश धनखड़

**दावा**

**भारतमंडपम में पीएम मोदी के सामने भारत लिखा होना भारत की सॉफ्ट पॉवर को प्रदर्शित करता है**


**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
अल्पकालीन विस्तारक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे एवं अंतिम दिन फरीदाबाद, सोनीपत और करनाल लोकसभा के प्रशिक्षण शिविरों में बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी मिशन-2024 का विजयी लक्ष्य सॉफ्ट पॉवर के साथ प्राप्त करेगी। श्री धनखड़ ने चंद्रायान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग, आदित्य एल-1 का प्रक्षेपण और जी-20 की सफल बैठकों आदि को भारत की सॉफ्ट पॉवर बताते हुए कहा कि इन उपलब्धियों ने देश को गौरवान्वित किया है और इसी सॉफ्ट पॉवर के दम पर केंद्र में फिर से मोदी सरकार बनेगी।
अल्पकालीन विस्तारकों के साथ स्वामी विवेकानंद के बारे में चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 130 वर्ष पहले शिकागो में स्वामी जी का ओजस्वी भाषण, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 81 वर्ष पहले महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाषचंद्र बोस और जर्मन नेता हिटलर की मुलाकात तथा हाल फिलहाल नई दिल्ली में जी-20 के शिखर सम्मेलन के दौरान भारत मंडपम में पीएम मोदी के सामने भारत लिखा होना हर भारतीय को गौरवान्वित करता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में राजघाट पर दुनिया के शक्तिशाली नेताओं को बापू को नमन करते हुए देखना हम सभी के लिए गौरव के पल हैं। श्री धनखड़ ने कहा कि भारतमंडपम में पीएम मोदी के सामने भारत लिखा होना भारत की सॉफ्ट पॉवर को प्रदर्शित करता है। भारत की विरासत से अभिभूत ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने मुक्त कंठ से भारत और पीएम मोदी की प्रशंसा की तथा ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक का यह कहना कि यहां सब कुछ अतुलनीय है, पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में आगे बढ़ते भारत की सॉफ्ट पॉवर को दर्शाता है। प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने कहा कि पिछले नौ वर्षो में केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार ने अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिन पर आप गौरव महसूस करते हुए लोगों को बता सकते हैं। कश्मीर से धारा 370 को हटाना, तीन तलाक की प्रथा को खत्म करना, अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण, महादेव की नगरी दिव्य काशी को भव्य काशी बनाना, हर घर शौचालय, हर घर नल से जल, रसोई गैस, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान मान भारत चिरायु कार्ड योजना, निरोगी हरियाणा, भावन्तर भरपाई योजना सहित अनेक गरीब कल्याण और व्यवस्था परिवर्तन के कार्य हुए हैं। ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि आज हमारे पास ऐसा नेता है, जिसका सम्मान पूरी दुनिया कर रही है।

# डिंपू को सर्वसम्मति से चुना गया प्रधान

**टीम एक्श इंडिया/डेह** समाज डेहा बस्ती चांद सराय में सुमिता सिंह पूर्व विधायक करनाल पहुंचने पर ढोल नगाड़े से और फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया इस मौके पर डेह समाज के प्रधान टार्जन के निधन के बाद बेटे डिंपू सर्वसम्मति से समाज द्वारा पर उनको प्रधान चुना गया सुमिता सिंह ने डिंपू को पगड़ी पहनकर उनको प्रधान की जिम्मेवारी सौंप गई प्रधान चुने जाने के बाद सुमिता सिंह ने उनको शुभकामनाएं दी डेह समाज द्वारा सुमिता सिंह को भी पगड़ी पहनकर सम्मानित किया गया इस मौके पर सुमिता सिंह ने कहा की डेह समाज ने हमेशा कांग्रेस पार्टी का साथ दिया है डिंपू प्रधान के पिता पूर्व प्रधान टार्जन हमेशा समाज के सुख-दुख के साथ देते थे समाज की भलाई के लिए कार्य करते थे उन्होंने प्रधान डिंपू को भी समाज की जिम्मेवारी से और समाज के साथ चलने की सलाह दी उन्होंने कहा कि जहां मेरी जरूरत होगी मैं प्रधान डिंपू व समाज के साथ खड़ी हूं इस मौके पर डिंपू प्रधान ने कहा की हमारा सारा डेह समाज सुमिता सिंह व कांग्रेस पार्टी के साथ है उन्होंने प्रधान चुने जाने पर सुमिता सिंह व डेह समाज का धन्यवाद किया उन्होंने कहा कि वो समाज के दुख सुख में उनके साथ है इस अवसर पर पूर्व प्रधान टार्जन का पूरा परिवार व उनके रिश्तेदार और पूरे डेह समाज के लोग, पप्पू जी, सतीश एक्स एमसी,कांग्रेस युवा अध्यक्ष मनिंदर सिंह ,सुशील खटक,रमेश,बिन्नी,अशोक कुमार, रणबीर, मनरवि आदि मौजूद रहे।

# विधायक घनश्याम के नेतृत्व में साइक्लोथॉन का किया जोरदार स्वागत

## एसडीएम दीपक बाबू लाल करवा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने गांव कितलाना से लोहानी तक साइकिल चलाकर दिया नशे से दूर रहने का संदेश



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा एक सितंबर से करनाल से रवाना की गई ड्रग्स फ्री हरियाणा साईक्लोथॉन ने सोमवार को जिला भिवानी में प्रवेश किया। विधायक घनश्याम सर्राफ के नेतृत्व में एसडीएम दीपक बाबू लाल करवा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने यात्रा में शामिल पुलिस के जवानों व खिलाड़ियों का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। एसडीएम करवा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. गुप्ता ने गांव कितलाना से लोहानी तक साइकिल चलाई और जिला के युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। भाजपा महिला जिला प्रधान प्रिया असीजा ने भी अनेक महिलाओं के साथ महिला मोर्चा की तरफ से यात्रा का स्वागत किया। नेहरू युवा केंद्र, विभिन्न स्कूल व कॉलेज से विद्यार्थियों ने किसी भी प्रकार से नशे से दूर रहने को लेकर जागरूकता के लिए जोरदार नारे लगाए। भिवानी-दादरी रोड पर गांव कितलाना में टोल प्लाजा के पास साइक्लोथॉन के स्वागत में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सर्राफ ने कहा कि नशा युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है, इसी के चलते मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक सितंबर को करनाल से साइक्लोथॉन को रवाना किया है, जिसके माध्यम से पूरे हरियाणा में युवाओं से ड्रग्स से दूर रहने का आह्वान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा को युवाओं की मानसिकता पर बड़ा ही सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। युवाओं को अपनी ऊर्जा का प्रयोग पढ़ाई, खेल और अन्य रचनात्मक कार्यों में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा शुरू में नशे को एक शौकिया तौर पर शुरू करते हैं, लेकिन बाद में यह आदत बन जाती है, जिस वजह से इससे छुटकारा पाना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है और हमें इसके नशे में नहीं खोना चाहिए। एसडीएम करवा ने कहा कि नशा से न केवल नशा करने वाले के जीवन को बर्बाद करता है बल्कि उसका असर पूरे परिवार पर पड़ता है। विशेषकर उस परिवार के बच्चों पर सबसे अधिक असर होता है। उन्होंने कहा कि बच्चा अच्छी-बुरी बातें भी परिवार से ही सीखता है। इसलिए ऐसा कोई भी कार्य न करें, जिससे बच्चों की मानसिकता पर बुरा असर पड़े। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. गुप्ता ने कहा कि युवावस्था जीवन का बहुत ही अहम पड़ाव होती है, जहां से जीवन की दिशा और दशा निर्धारित होती है। युवाओं को अपने उज्जवल भविष्य के बारे में सोचकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि ड्रग्स की लत लग गई है तो वे चिकित्सक की सलाह लें। नशे से छुटकारा पाया जा सकता है, बशर्ते मन के अंदर इच्छा होना चाहिए।

## संपादकीय

# जो बिडेन मोदी का चीन को संदेश

**वैश्विक** स्तरपर हर देश के पास अपनी प्रबुद्धता सफलता, कौशलता, बौद्धिक क्षमता और नेतृत्व दिखाने के लिए अनेक अवसर आते हैं,बस! जरूरत है उसे पहचानकर उसमें अवसर ढूंढ कर अपनी कला दिखाकर अमित शॉप छोड़ना महत्वपूर्ण होता है, जिसमें भारत को महारत हासिल है, जो उसने जी-20 शिखर सम्मेलन 2023 में पूरी दुनियां को अपनी कौशलता, बौद्धिक क्षमता और कुशल नेतृत्व का दमदार आगाज कर दिया है कि,अब भारत पहले वाला नहीं बल्कि सफल प्रौद्योगिकी,आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस कौशल क्षेत्र, शिक्षा सहित अनेको क्षेत्र में महारत हासिल देश है, जिसे अब हल्के में नहीं लिया जा सकता। हर वैश्विक गतिविधियों में भारत की खनक जरूर दिखेगी अन्यथा सफलता की संभावना पर प्रश्न चिन्ह लगेगा। इस अवसर पर भारत के साथ सोने पर सुहागा अनेक विकसित देशोंने हाथों हाथ लेकर कंधे से कंधा मिलाकर भारत का सहयोग करने से मिला है, खास करके अमेरिका जैसे विश्व की महाशक्ति का दूरगामी सफलता परिणाम वाला साथ भारत को मिला है, जिससे भारत गदगद को उठा है। इसलिए ही मीडिया में खूब वायरल हो रहा है जी-20 दिल्ली के 29 बड़े देश, जो बाइडेन मोदी का चीन को संदेश। क्योंकि दुनियां की सबसे बड़ी महाशक्तियों का भारत में जिस तरह मेला लगा है और शिखर सम्मेलन के शानदार आयोजन जानदार समापन होकर वहां 2024 की जी-20 की कमान ब्राजील को सौंपी है, परंतु भारत की अविश्वसनीय सफलताओं की गाथाएं स्वर्णिम इतिहास का हिस्सा बन चुकी है। खासकर के अफ्रीकी यूनियन को सदस्य बनाना, इकोनामिक कॉरिडोर कनेक्टिविटी, पहले दिन ही घोषणा पत्र पर सहमति, रिकॉर्ड 73 मुद्दों पर सहमति और भारतीय नेतृत्व की अमिट शाप को पीढ़ीयों तक बुलाया नहीं जा सकेगा,चूंकि जी20 शिखर सम्मेलन भारत 2023 बदल रहा है इतिहास, जो बिडेन सहित सभी देश बने भारत के खास, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जी20 दुनियां की सबसे बड़ी महाशक्तियों का भारत में मेला, शानदार आयोजन जानदार समापन। साथियों बात अगर हम जी-20 के भारत शिखर सम्मेलन की करें तो, 18वां जी20 शिखर सम्मेलन रविवार को संपन्न हो गया। शिखर सम्मेलन में दुनिया के प्रमुख देशों के नेता शामिल हुए और इस दौरान कई महत्वपूर्ण डेवलपमेंट हुए। विभिन्न देशों को अलग से प्रासंगिक मुद्दों का हल निकालने का भी अवसर दिया। विश्वमंथन के सबसे बड़े मंच जी-20 की बैठक के पहले दिन ही दिल्ली घोषणा पत्र पर सहमति बनने से इतिहास रच गया है। इस बार का जी-20 समिट, अब तक का सबसे सफल समिट भी बन गया है।इसमें पिछले समिट की तुलना में सबसे ज्यादा काम हुआ है। भारत में हुए समिट के पहले दिन कुल 73 मुद्दों पर चर्चा के बाद सहमति बनी, जबकि पिछले साल इसी समिट में सिर्फ 27 मुद्दों पर ही सहमति बन पाई थी। 2021 में 36, 2020 में 22, 2019 में 13, 2018 में 12 और 2017 में जब जर्मनी में जी-20 का समिट हुआ था, तब सिर्फ 8 मुद्दों पर ही चर्चा के बाद सहमति बनी थी।

# भारत को शक्तिमान बनाएगा इकोनॉमिक कॉरिडोर

आशीष वशिष्ठ

> “ चीन के बैल्ट एंड रोड इनिशेएटिव यानी बी.आर.आई. प्रोजैक्ट की तर्ज पर ही इसे एक महत्वाकांक्षी योजना माना जा रहा है। महत्वाकांक्षी आर्थिक गलियारे की घोषणा को इस्राइल के लिए बड़ी खबर बताते हुए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमारे इतिहास की सबसे बड़ी सहयोग परियोजना पश्चिम एशिया का चेहरा बदल देगी। यह इजराइल और पूरी दुनिया को लाभान्वित करेगा। जहां तक भारत का सवाल है तो ये क्षेत्रीय सीमाओं को नहीं मापता। सभी क्षेत्रों के साथ-साथ कनैक्टिविटी भारत की मुख्य प्राथमिकता है। कनैक्टिविटी विभिन्न देशों के बीच आपसी व्यापार नहीं बल्कि आपसी विश्वास भी बढ़ाने का स्रोत है ”

**जी-20** शिखर सम्मेलन के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत, मध्य पूर्व और यूरोप के एक मेगा इकोनॉमिक कॉरिडोर की घोषणा की। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बता दिया कि कूटनीति और कारोबार की दुनिया में आने वाला समय भारत का है और चीन के लिए आगे की राह अब आसान नहीं होने वाली है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले समय में भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक एकीकरण का प्रभावी माध्यम होगा। यह पूरे विश्व में कनेक्टिविटी और विकास को सस्टेनेबल दिशा प्रदान करेगा। मुंबई से शुरू होने वाला यह नया कॉरिडोर चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव यानी बीआरआई का विकल्प होगा। यह कॉरिडोर 6 हजार किमी लंबा होगा। इसमें 3500 किमी समुद्र मार्ग शामिल है। कॉरिडोर के बनने के बाद भारत से यूरोप तक सामान पहुंचाने में करीब 40 प्रतिशत समय की बचत होगी। इस कॉरिडोर का नाम इंडिया-मिडल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर है। इस प्रोजेक्ट में भारत, यू.ए.ई, सऊदी अरब, यूरोपीय यूनियन, फ्रांस, इटली, जर्मनी और अमेरिका शामिल होंगे। इस गलियारे की स्थापना सबसे अहम इसलिए भी है क्योंकि इसके निर्माण के साथ ही दुनिया के व्यापार का भूगोल बदल जाएगा। प्रस्तावित गलियारा भारत से संयुक्त अरब अमीरात तक अरब सागर में फैला होगा, फिर यूरोप से जुड़ने से पहले सऊदी अरब, जॉर्डन और इजराइल पार करेगा। इस परियोजना के तहत समुद्र के नीचे केबल और ऊर्जा परिवहन बुनियादी ढांचा भी शामिल होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक सांझेदारी बताते हुए कहा कि आने वाले समय में भारत पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक सहयोग का एक बड़ा माध्यम होगा। इस कोरिडोर से दुनिया की कनेक्टीविटी को एक नई दिशा मिलेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि गलियारे में शामिल देशों के लिए यह परियोजना अनंत अवसर प्रदान करेगी। इससे व्यापार करना तथा स्वच्छ ऊर्जा निर्यात करना आसान बन जाएगा। यह किसी ऐतिहासिक क्षण से कम नहीं है।

भारत-मिडल ईस्ट-यूरोप शिपिंग और रेलवे कनैक्टिविटी कोरिडोर की योजना को एक बड़ी बात करार देते हुए अमरीकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि अगले दशक में भागीदार देश निम्न-मध्यम आय वाले देशों में बुनियादी ढांचे की कमी को दूर करेंगे। इस योजना में शामिल सभी 9 देशों के प्रमुखों तथा प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद कहते हुए बाइडेन ने कहा कि एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य यही इस जी-20 शिखर सम्मेलन का फोकस है। क्षेत्र में चीन के आर्थिक दबदबे को चुनौती देते हुए अमरीका और यूरोपीय संघ ने भारत को मध्य पूर्व और भू-मध्य सागर से जोडने वाले एक नए जहाज और रेल गलियारे के विकास का समर्थन किया है। निश्चित तौर पर इस प्रोजेक्ट को महाद्वीपों और सभ्यताओं के बीच एक ग्रीन और डिजिटल पुल माना जा रहा है। ऐसे में अहम प्रश्न यह है कि इस गलियारे से भारत को क्या लाभ होगा।




जानकारों के अनुसार भारत को पहला लाभ यह होगा कि मिडल ईस्ट और यूरोप के बाजारों में भारत की पहुंच और पकड़ मजबूत हो सकती है। दूसरा लाभ होगा कि शिप और रेल कनेक्टिविटी होने से कम से कम लागत में तेल और गैस की सप्लाई होगी। तीसरा लाभ यह होगा कि मिडल ईस्ट और यूरोप में चीन पर भारत को कूटनीतिक और कारोबारी बढ़त मिलेगी। अब सवाल ये है कि अमेरिका इस प्रोजेक्ट में बढ़-चढ़कर क्यों हिस्सा ले रहा है। इसकी वजह चीन का बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट है, जिसके जरिए ड्रैगन मिडल ईस्ट से यूरोप के बाजारों पर कब्जा जमाना चाहता है। अमेरिका की कोशिश चीन के प्रभाव को रोकने की है. इसलिए उसने भारत की मदद ली और सऊदी अरब-यूएई को नए कॉरिडोर के लिए तैयार किया। इसकी घोषणा से पहले अमेरिकी अधिकारी फाइनर ने कहा था कि अमेरिका की नजर से ये समझौता पूरे क्षेत्र में तनाव कम करेगा और हमें ऐसा लगता है कि इससे टकराव से निपटने में मदद मिलेगी। इस कॉरिडोर की अगुवाई भारत और अमेरिका साथ मिलकर करेंगे. इस समझौते के तहत कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़े पैमाने पर काम होगा। यह ट्रेड रूट भारत को यूरोप से जोड़ते हुए पश्चिम एशिया से होकर गुजरेगा. भारत और अमेरिका के अलावा पश्चिम एशिया से संयुक्त अरब अमीरात व सऊदी अरब और यूरोप से यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली व जर्मनी भी इसका हिस्सा होंगे।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेन ने परियोजना के शुभारंभ पर कहा, यह महाद्वीपों और सभ्यताओं के बीच एक हरित और डिजिटल सेतु है। रेल से भारत और यूरोप के बीच व्यापार 40 प्रतिशत तेज हो जाएगा। भारत मिडल ईस्ट-यूरोप आर्थिक गलियारे का उद्देश्य मध्य पूर्व के देशों को रेलवे से जोडना और उन्हें बंदरगाह के माध्यम से भारत से जोडना है जिससे शिपिंग समय, लागत और ईंधन के इस्तेमाल में कटौती करके खाड़ी से यूरोप तक ऊर्जा और ट्रेड में मदद मिलेगी। इस प्रोजैक्ट में 2 अलग-अलग कोरिडोर शामिल होंगे। जहां एक ओर पूर्वी कोरिडोर भारत को खाड़ी देशों से जोड़ेगा वहीं उत्तरी कोरिडोर खाड़ी क्षेत्र को यूरोप से जोड़ेगा।

चीन के बैल्ट एंड रोड इनिशेएटिव यानी बी.आर.आई. प्रोजैक्ट की तर्ज पर ही इसे एक महत्वाकांक्षी योजना माना जा रहा है। महत्वाकांक्षी आर्थिक गलियारे की घोषणा को इस्राइल के लिए बड़ी खबर बताते हुए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमारे इतिहास की सबसे बड़ी सहयोग परियोजना पश्चिम एशिया का चेहरा बदल देगी। यह इजराइल और पूरी दुनिया को लाभान्वित करेगा। जहां तक भारत का सवाल है तो ये क्षेत्रीय सीमाओं को नहीं मापता। सभी क्षेत्रों के साथ-साथ कनैक्टिविटी भारत की मुख्य प्राथमिकता है। कनैक्टिविटी विभिन्न देशों के बीच आपसी व्यापार नहीं बल्कि आपसी विश्वास भी बढ़ाने का स्रोत है। आज जब हम कनेक्टिविटी की इतनी बड़ी पहल कर रहे हैं तब हम आने वाली पीढ़ियों के सपनों के विस्तार के बीज बो रहे हैं। यह घटनाक्रम एक महत्वपूर्ण समय पर हुआ है क्योंकि जी-20 साझेदारी में शामिल विकासशील देशों के लिए वाशिंगटन को एक वैकल्पिक सांझेदार और निवेशक के रूप में पेश किया जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन वैश्विक बुनियादी ढांचे को लेकर चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का मुकाबला करना चाहते हैं। अमेरिका की नजर में यह समझौता पूरे क्षेत्र में व्याप्त तनाव के तापमान को कम करेगा और टकराव से निपटने में मदद मिलेगी। भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा पश्चिम में भारत की जमीनी कनेक्टिविटी को आसान बनाएगा और पाकिस्तान की रोक को बेअसर करेगा। साल 1990 में ही पाकिस्तान ने भारत की जमीनी कनेक्टिविटी के जरिए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच देने से मना कर दिया था। इसके अलावा यह गलियारा अरब प्रायद्वीप के साथ भारत की राजनीतिक भागीदारी को गहरा करेगा। पिछले कुछ सालों में मोदी सरकार ने संयुक्त अरब अमिरात और साउदी अरब के साथ तेजी से राजनीतिक और रणनीतिक संबंध बनाए हैं। अमेरिकी अखबार के अनुसार इस परियोजना से अंतर-क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। जिससे अरब प्रायद्वीप में राजनीतिक गहमागहमी में भी कमी आएगी और क्षेत्र में शांति और स्थिरता भी आएगी। अगर भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा बनता है तो दक्षिण पूर्व एशिया से खाड़ी, पश्चिम एशिया और यूरोप तक व्यापार प्रवाह के मार्ग पर मजबूती से आगे बढ़ेगा। ये गलियारा आपूर्ति श्रृंखलाओं को भी सुरक्षित करेगा। रोजगार पैदा करेगा और व्यापार सुविधा और पहुंच में सुधार करेगा। इस गलियारे को कई लोग चीन की विवादास्पद बेल्ट एंड रोड पहल के विकल्प के रूप में देखते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि यह कॉरिडोर भारत की शक्ति और सामर्थ्य बढ़ाने में सहायक होने के साथ ही पड़ोसी चीन की चमक भी फीकी कर सकता है।

## कविता

### मीठी धुन सुना गया कोई

मीठी धुन सुना गया कोई  
लो फिर सुला गया कोई ।।

एक सुहानी ददीली आवाज थी  
आज फिर से रुला गया कोई।।

आंखों ने देखे थे सपने कभी ,  
सपनो में सुला गया कोई ।।

खोजता जिसे आज तक हर पल  
माँ तेरा आंचल छुपा गया कोई ।।

सुना है सपने सच नहीं होते  
लोरी में सच सजा गया कोई।।

मां तेरा स्पर्श कैसे भूलूं आज तक,  
तेरा स्नेहिल आंचल ओढा गया कोई ।।

था तेरा हाथ नन्हे हाथों पर मेरे  
आज फिर चलना सीखा गया कोई ।।

मां जैसा कोई दूसरा नही संजीव,  
आज लो नन्हा शिशु बना गया कोई।।

संजीव ठाकुर

---------

# शिक्षित समाज पर एक कलंक है रेगिंग।

सुनील कुमार

**आज के** समय में विभिन्न कालेजों,विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में रेगिंग पर रोक होने के बावजूद रेगिंग का रोग थमता नजर नहीं आ रहा है और रह रहकर बीच बीच में रेगिंग की घटनाएं सामने आ रही हैं। कहना गलत नहीं होगा कि कैंपस में रैगिंग के मामले उच्च शिक्षा संस्थानों में वर्षों से चिंता का विषय रहे हैं। 'रैगिंग' का अर्थ है ऐसा कोई कार्य करना जो किसी छात्र को शारीरिक, मनोवैज्ञानिक या दैहिक क्षति पहुंचाता है, या शर्मिंदगी या शर्मिंदगी का कारण बनता है।वास्तव में,एक शिक्षण संस्थान के किसी अन्य छात्र के खिलाफ एक छात्र द्वारा किये गये किसी भी शारीरिक, मौखिक या मानसिक दुर्व्यवहार को रैगिंग कहते हैं। यदि कोई छात्र किसी अन्य छात्र को उसके काम करने के लिए धौंस दिखाता है या किसी छात्र को कॉलेज समारोह जैसी परिसर की गतिविधियों से बाहर रखा जाता है, तो उसे रैगिंग माना जाता है। कहना गलत नहीं होगा किशारीरिक शोषण, उदाहरण के लिए, खाने, पीने या धूम्रपान करने के लिए मजबूर करना, कपड़े पहनने या कपड़े उतारने के लिए मजबूर करना,मौखिक दुर्व्यवहार, उदाहरण के लिए अपशब्द और वाक्यांश, व्यक्ति की उपस्थिति, पोशाक, धर्म, जाति, परिवार या अध्ययन के चुने हुए क्षेत्र के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपमानजनक संदर्भ आदि दुर्व्यवहार और गतिविधियों को रेगिंग में शामिल किया जा सकता है। सरल शब्दों में कहें तो किसी भी छात्र को कोई भी कार्य करने, या कोई भी कार्य करने के लिए कहना, जिसे वह सामान्य रूप से करने या प्रदर्शन करने के लिए तैयार नहीं होगा, ही रेगिंग के अंतर्गत आती है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि रेगिंग का उद्देश्य विकृत आनंद प्राप्त करना है। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि रैगिंग को आमतौर पर पुराने छात्रों द्वारा कॉलेज लाइफ में नए छात्रों के स्वागत का दोस्ताना तरीका माना जाता है। एक रूप में इसे नए छात्रों और पुराने छात्रों के बीच की दूरियों को पाटने का प्रयास भी माना जाता है, जो नए छात्रों को अपने वरिष्ठों (सीनियर्स) के साथ घुलने-मिलने और संवाद कायम करने का मौका देता है, लेकिन छात्र संवाद कायम करने की बजाय नये छात्रों के साथ दुर्व्यवहार, दादागिरी करते हैं।जानकारी देना चाहूंगा कि भारत में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग(यूजीसी) ने भारतीय विश्वविद्यालयों में इसको रोकने के लिए कई निर्देश जारी किए हैं। यहां तक कि इसके लिए एक टोल फ्री हेल्पलाइन भी शुरू की गई है, लेकिन रेगिंग है कि थमने का नाम ही नहीं ले रही है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2001 में भारत के उच्चतम न्यायालय ने रैगिंग पर संज्ञान लेते हुए इसकी रोकथाम के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो के पूर्व निदेशक ए राघवन की अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी। मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा भी अपने अधीन आने वाले शिक्षा संस्थानों में रैगिंग के विरुद्ध कड़े निर्देश जारी किए गए थे। कई राज्यों ने भी इस पर रोक लगाने के लिए कानून बनाए हैं।

## विचार

# श्री राम मंदिर आंदोलन के प्रणेता- महंत अवैद्यनाथ

मृत्युंजय दीक्षित

**योग, दर्शन व** अध्यात्म के मर्मज्ञ महान संत महंत अवैद्यनाथजी का जन्म पौढ़ी गढ़वाल के ग्राम कांडी में हुआ था। महंत अवैद्यनाथ की माता जी का स्वर्गवास जब वह बहुत छोटे थे तभी हो गया था और उनका लालन पालन दादी ने किया था उच्चतर माध्यकि स्तर शिक्षा पूर्ण होते ही उनकी दादी का भी निधन हो गया। जिसके कारण उनका मन इस संसार के प्रति उदासीन होता गया। उनके मन में वैराग्य का भाव गहरा होता गया। वह अपने पिता के एकमात्र संतान थे अतः उन्होंने अपनी संपत्ति अपने चाचाओं को दे दी और पूरी तरह से वैराग्य जीवन में आ गये।

महंत अवैद्यनाथ जी ने बहुत कम समय में ही बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री आदि तीर्थस्थलों की यात्रा की। कैलाश मानसरोवर की यात्रा से वापस आते समय अल्मोड़ा में उन्हें हैजा हो गया और उनके साथी अचेताअवस्था में ही उन्हें छोड़कर भाग गये । स्वस्थ होने के बाद महंत अमरता के ज्ञान की खोज में वह भटकने लग गये। ज्ञान की खोज की इसी यात्रा में उनकी भेंट योगी निवृत्तिनाथ जी से हुई और महंत जी उनके योग, आध्यात्मिक दर्शन तथा नाथ पंथ के विचारों से प्रभावित होते चले गये। योगी निवृत्तिनाथ के साथ रहकर ही महंत जी ने तत्कालीन गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ के विषय में सुना जो योगी निवृत्तिनाथ को चाचा कहते थे। महंत दिग्विजयनाथ से भेंट- महंत अवैद्यनाथ की 1940 में महंत दिग्विजयनाथ जी से भेंट हुई । इस भेंट के अगले दिन ही दिग्विजयनाथ को बंगाल जाना था तभी उन्होंने महंत अवैद्यनाथ को उत्तराधिकारी घोषित करने की इच्छा व्यक्त की किंतु तब तक अवैद्यनाथ जी नाथ पंथ को पूरी तरह से समझ नहीं सके थे। इसके बाद वह शांतिनाथ जी से मिलने कराची चले गये वहां दो साल उन्हें गोरखवाणी के अध्ययन का अवसर मिला। 8 फरवरी 1942 को गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ ने अवैद्यनाथ को पूरी दीक्षा देकर उन्हें अपना शिष्य और उत्तराधिकारी घोषित किया। जब 1944 में देश के विभाजन की मांग जोर पकड़ रही थी उसी समय गोरखपुर में हिंदू महासभा का ऐतिहासिक अधिवेशन हुआ जिसमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भी भाग लिया। इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर की व्यवस्था संभालने के साथ ही उन्हें राष्ट्रीय आंदोलन में भी सम्मिलित होने का गौरव प्राप्त हुआ। 1948 में महात्मा गांधी की हत्या हो जाने के बाद महंत दिग्विजयनाथ को गिरफ्तार कर लिया गया और मंदिर की चल- अचल संपत्ति जब्त कर ली गयी। उस समय महंत अवैद्यनाथ ने नेपाल में रहकर गोपनीय तरीके से गोरखनाथ मंदिर की व्यवस्था और महंत दिग्विजयनाथ को निर्दोष सिद्ध करने का प्रयास किया।

राजनीति में प्रवेश -अवैद्यनाथ ने 1962 में राजनीति में प्रवेश किया 1962 से लेकर 1977 तक वह लगातार मनीराम विधानसभा से उप्र विधानसभा में पहुंचते रहे। इस क्षेत्र में वह ऐसे एकमात्र राजनेता बने जिन्होंने पांच बार विधानसभा तथा तीन बार लोकसभा चुनाव जीता। जनता लहर में भी वह अपराजेय रहे। 1998 में उन्होंने अपने शिष्य योगी आदित्यनाथ जी को चुनावी मैदान में उतार दिया। 1980 में मीनाक्षीपुरम में एक बहुत बड़ा धर्म परिवर्तन हुआ था जिससे आहत होकर उन्होंने राजनैतिक जीवन से सन्यास ले लिया और हिंदू समाज की सामजिक विषमता को दूर करने में लग गये। महंत जी और सामाजिक समरसता- 1980 -81 धर्म परिवर्तनों से आहत होकर हिंदू समाज से छुआछूत समाप्त करने के लिए प्रयास प्रारम्भ किये और जिसका प्रतिफल भी प्राप्त हुआ जिसके कारण सामाजिक परिवर्तन की आंधी से धर्म परिवर्तन कुछ सीमा तक नियंत्रित हो गया। 18 मार्च 1994 को काशी के डोम राजा सुजीत चौधरी के घर पर उनकी मां के हाथों का भोजन कर छुआछूत की धारणा पर करारा प्रहार किया। यह उस समय की एक महान घटना मानी जाती है क्योंकि तब अनेक संतों ने महंत जी के इस साहसिक कदम का विरोध भी किया था।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# पत्रकारिता का पतनः एक साझा जिम्मेदारी

**आज के** तेजी से विकसित हो रहे मीडिया परिदृश्य में पत्रकारिता की स्थिति चिंता का विषय बन गई है। कई लोग पत्रकारिता की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और सत्यनिष्ठा में कथित गिरावट पर अफसोस जताते हैं। जबकि पत्रकार निस्संदेह पत्रकारिता के सिद्धांतों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि पत्रकारिता की स्थिति की जिम्मेदारी केवल उनके कंधों पर नहीं है। मीडिया पारिस्थितिकी तंत्र में उपभोक्ताओं और प्रतिभागियों के रूप में जनता भी पत्रकारिता के भविष्य को आकार देने में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाती है। यह एक साझा जिम्मेदारी है, और चुनौतियों से निपटने और एक स्थायी और मजबूत पत्रकारिता पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में काम करने के लिए पत्रकारों और जनता दोनों की भूमिका को समझना आवश्यक है।

**पत्रकार की भूमिकाः** पत्रकार परंपरागत रूप से सूचना के द्वारपाल रहे हैं, जिनका काम जांच करना, रिपोर्टिंग करना और जनता के सामने समाचार प्रस्तुत करना है। वे सत्य की खोज करने, सटीकता सुनिश्चित करने और नैतिक मानकों को बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाते हैं। पत्रकार लोकतंत्र के संरक्षक हैं, जो सत्ता में बैठे लोगों को जवाबदेह बनाते हैं और समाज को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर प्रकाश डालते हैं। हालाँकि, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि ऐसे उदाहरण हैं जहाँ पत्रकार इन आदर्शों से पीछे रह गए हैं, दबावों, पूर्वाग्रहों के आगे झुक गए हैं, या ईमानदारी से समझौता कर लिया है। इन मामलों ने निस्संदेह पत्रकारिता में जनता के विश्वास को कम करने में योगदान दिया है। बहरहाल, यह समझना महत्वपूर्ण है कि कुछ लोगों के कार्यों से कई पत्रकारों द्वारा प्रदर्शित समर्पण और व्यावसायिकता पर असर नहीं पड़ना चाहिए जो उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना जारी रखते हैं।

**जनता की भूमिकाः** समाचार के उपभोक्ता के रूप में जनता, मीडिया परिदृश्य को आकार देने में अपार शक्ति रखती है। सोशल मीडिया और नागरिक पत्रकारिता के युग में, व्यक्ति समाचार प्रसार और उपभोग में सक्रिय भागीदार बन गए हैं।

# इंडिया नहीं भारत कहो!

डॉ. सुरेश कुमार

**घर में** टाइम्स ऑफ इंडिया आता है। इंडिया उसमें लगा लगाया आता है, मुझे पता नहीं था कि इतने दिनों से मैं पैसे देकर देश को गिराने वाला काम कर रहा हूँ। आज जाकर पता चला कि हमारे देश का नाम इंडिया नहीं भारत है। इसलिए मेरे मन में इंडिया के प्रति घृणा पैदा होने लगी है। सच कहूँ तो मुझे भारत पसंद है। हिंदी बोलना मुझे अच्छा लगता है। अंग्रेजी से नफरत है, इसलिए नहीं कि वह मुश्किल है बल्कि मुझे आती नहीं है। इसलिए हिंदी कपड़े जैसे धोती-कुर्ता,अंगोछा, कुर्ता, पायजामा पहनता हूँ। सूट-बूट पहनने से परहेज करता हूँ। इन्हें पहनने से इंडिया की फीलिंग आती है। ऐसा करना भारत के प्रति धोखा करने जैसा लगता है। कपड़े धोबी धोता है। लाउंड्री वाला धोता तो वह इंडिया के आयरन से मेरे कपड़े के भीतर का भारत निकाल बाहर करता। कुछ दिन पहले तक इंडिया के प्रति आदर भाव हुआ करता था। किंतु इधर बाबा गिरगिटलाल ने रंग बदलने का अजीब सा मंत्र सिखा दिया है। इसी के चलते जो चीज सुबह तक पसंद आती थी, वह शाम होते-होते नापसंद हो जाती थी। रंग बदलने का यह कोर्स आजकल व्हाट्सप विश्वविद्यालय में धड़ल्ले से चल रहा है। इस क्रैश कोर्स में करोड़ों आँख, कान, मुँह वाले लोग प्रवेश लेते हैं और कोर्स पूरा होने के बाद बाबा गिरगिटलाल का अंधाधुध पालन करने लगते हैं। वे अगर सुबह को रात, पानी को आग और इंडिया को भारत कहें तो हमें वही सही लगता है। वे इतने परमज्ञानी है कि उन्होंने इंटर के बाद प्लस टू का कोर्स किया है। ऐसे बाबा के मार्ग पर चलकर भुखमरी, लाचारी, बेरोजगारी, बलात्कार, भ्रष्टाचार जैसे बेफिजूल के मामलों से मुक्ति मिलती है। मेरा महत्वपूर्ण योगदान यह है कि मैं गिरगिटलाल के आदेशों का पालन करता हूँ। उनके खिलाफ बोलने वाले को कुत्ते से भी तेज काटने को दौड़ता हूँ। आजकल कुत्ते मुझे देखकर डरने लगे हैं। निस्संदेह मुझसे बड़ा कुत्ता उनकी नजर में कोई नहीं होगा। मैं तो आई एन डी आई ए जैसे अक्षर एक साथ देख लेता हूँ, तो मुझे फिट्स (दौरे) आने लगते हैं। इसलिए भारत शब्द लिखा रुमाल अपने पास रखता हूँ। इसे सूँघ-सूँघकर इंडिया की बदबू से दूर होने का प्रयास करता हूँ।

# धान के खेत में मिला युवक का शव

## मृतक के भाई की शिकायत पर पैसों के लेनदेन के मामले के आरोप में बाघडू गांव कृष्ण व साथियों के खिलाफ मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**सोमवार की सुबह** गुमड रोड़ पर धान के खेत में एक गार्डन के निकट एक 35 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। सुबह किसान खेत में गए तो किसानों ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलने के बाद थाना गन्नौर प्रभारी रवि कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के बाद शव राहगीरों को दिखाया तो मृतक की पहचान गांव अहीर माजरा के रहने वाले प्रवीण के रूप में हुई। थाना गन्नौर पुलिस ने जांच के लिए एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया। मृतक के सिर पर गहरी चोट के निशान भी मिले हैं। टीम द्वारा नमूने एकत्रित करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। वहीं मामले में मृतक के भाई कदम सिंह की शिकायत पर पुलिस ने बाघडू गांव के कृष्ण नाम के व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।



**रुपयों का लेन-देन था कृष्ण के साथ**
पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई कदम सिंह ने बताया कि सोनीपत के बाघडू गांव के कृष्ण के साथ उसके बड़े भाई प्रवीण का रुपयों का लेन-देन था। पैसे के लेनदेन का मामले को लेकर अदालत में केस भी चल रहा था। आरोप है कि कृष्ण उसके भाई को केस उठाने की धमकी दे रहा था। उसके भाई प्रवीण ने दो दिन पहले भी इस बात का जिक्र किया था कि कृष्ण उसे बार-बार केस उठाने का दबाव डाल रहा है। केस न उठाने पर उसे जान से मारने की धमकी दी है। मृतक के भाई का आरोप है कि अपने साथियों के साथ मिल कर कृष्ण ने उसके भाई प्रवीण की हत्या कर शव को धान के खेत में फैंक दिया।



**पहले फोन नही उठाया उसके बाद रात 9 बजे हो गया फोन बंद**
मौके पर मौजूद मृतक प्रवीण के चाचा राजपाल ने बताया कि रविवार को वह अपनी मोटरसाइकिल पर नौकरी पर गया था, लेकिन देर शाम तक वापिस नहीं लौटा। उसके बाद पहले तो उनका फोन नही उठा। उसके बाद फिर रात करीब 9 बजे जब उसके फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद आ रहा था। प्रवीण कुंडली एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। प्रवीण शादीशुदा था और उसके एक छोटा बेटा और बेटी है।

**सोमवार की सुबह पुलिस से मिली सूचना, न ही मोटरसाईकिल का पता चला**
देर रात तक वह प्रवीण का पता लगाने का प्रयास करते रहे, लेकिन प्रवीण का कहीं पता नहीं चला। सोमवार की सुबह उन्हें पुलिस से सूचना मिली थी कि प्रवीण गुमड़ गांव के पास खेत में मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। प्रवीण के चाचा राजपाल ने बताया कि प्रवीण अपनी मोटरसाइकिल पर नौकरी पर गया था, लेकिन जहां उसका शव मिला वहां उसकी मोटरसाइकिल नहीं मिली है।

**बाघडू गांव के कृष्ण व अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज : थाना प्रभारी**
थाना प्रभारी रवि कुमार का कहना है पुलिस को शव मिलने की सूचना सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक प्रवीण अहीर माजरा गांव का रहने वाला है। उसके सिर पर चोट के निशान हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है। इस मामले में पुलिस ने मृतक प्रवीण के भाई की शिकायत पर बाघडू गांव के कृष्ण व अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

## न्यूज फ्लैश

### पानी में तैरता मिला बीड़ी फ्लोर के 13 वर्षीय कृष्णा का शव

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला छावनी** के बीडी मील के पीछे रहने वाले मासूम बच्चे का शव आज पानी में तैरता मिला। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। लगभग 13 वर्षीय कृष्णा घर से गायब था। संग्धित परिस्थितियों में उसका शव पानी में तैरता देख लोग दंग रह गए। कृष्णा का शव दिल्ली चण्डीगढ़ नैशनल हाईवे पर अंडर पास के नजदीक नन्हेड़ा फलाई अंडर के पास शव पानी में तैरता हुआ मिला। कृष्णा की बहन अंजू ने बताया कि उसका भाई दोस्तों के साथ खेलने के लिए गया था लेकिन शाम तक वापिस नहीं आया। उन्होंने कृष्णा को हर जगह देखा वह नहीं मिला लेकिन आज सुबह उसका शव पानी में तैरता मिला। कृष्णा की बहन अंजू ने बताया कि पिछले शनिवार को पड़ोसी से लड़ाई हुई थी। पड़ोसियों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। उन्होंने पुलिस को भी शिकायत सौंपी थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। रविवार को पुलिस चौकी में दोनों पक्षों को बुलाया गया था। मामले की जांच कर रहे एएसआई अशोक कुमार ने बताया कि 2 घंटे में पानी में सर्च अभियान चला कृष्णा का शव बरामद किया गया था। पुलिस मामले की जांच कर ही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### गांव उगाला मे चोरों ने घर के ताले तोड़ लाखों उड़ाए

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला जिले** में चोरों का आंतक कम होने के नाम नहीं ले रहा है। चोर आए दिन वारदातों को इंजाम दे रहे है। अंबाला के गांव उगाला में चोंरों ने गत दिवस एक घर के ताले तौडते हुए हजारों की नकदी और अन्य सामान चुरा लिया। पुलिस को दी शिकायत में रजत ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ किसी काम से गया था जब वह वापिस घर लौटा तो घर के ताले टूटे हुए थे। अलमारी में रखी नकदी व सोना चांदी के जेवरात भी गायब थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीन लाख से कम आय वाले वालों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**स्वास्थ्य सेवाओं** के निदेशक एवं सिविल सर्जन डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने चिरायु आयुष्मान भारत योजना के विस्तारीकरण का पोर्टल लॉच किया हुआ हैं। योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी वैबसाईट पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होनें बताया कि जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रूपए से 3 लाख रूपए तक हैंए उन परिवारों को इस योजना का लाभ मिलेगा। उन्होनें यह भी बताया विभाग की वैबसाईट पर जाए वहां पर इस विषय के तहत सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध हैं। वैब पोर्टल पर पीपीपीआईडी फैमिली आईडी भरें। ओटीपी के लिए सबमिट करें। आवेदक को पीपीपी आईडी फैमिली आई से जुड़े मोबाईल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी भरने के बाद आवेदक पात्रता परिणाम प्राप्त कर सकता हैं।

### सोनालीका ट्रैक्टर्स 10,634 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री दर्ज की

**चंडीगढ़ः** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अगस्त में 10,634 ट्रैक्टर की बिक्री का नया रिकॉर्ड हासिल किया है। हैवी ड्यूटी प्रदर्शन से सोनालीका ने भारतीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपने उन्नत ट्रैक्टरों की व्यापक रूप से बढ़ती स्वीकार्यता को बरकरार रखा है। सबसे बड़े त्योहारी सीजन के करीब आने के साथ, कंपनी ने अपना उत्पादन भी बढ़ाया है और अगस्तह्र23 में 16,300 ट्रैक्टरों का अब तक का सबसे अधिक मासिक उत्पादन दर्ज किया है। नई रिकॉर्ड उपलब्धि पर अपने विचार साझा करते हुए, रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, ह्लयह राष्ट्र के प्रति किसानों की प्रतिबद्धता, जुनून और दृढ़ता है जो हमें नई कृषि तकनीकों को विकसित करने और उन्हें हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर के माध्यम से आनंददायक खेती का अनुभव देने के लिए प्रेरित करती है। हम वास्तव में मानते हैं कि प्रदर्शन करने वालों के लिए कोई अंतिम रेखा नहीं है और हम त्योहारी सीजन के साथ-साथ किसान केंद्रित उत्पादों और सर्विस के साथ भारतीय ट्रैक्टर उद्योग में नए मानक बनाने के लिए तैयार हैं।"

# सरपंच पति पर अज्ञात लोगों ने चलाई गोली

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़** । गांव डेरोली जाट के सरपंच पति रणबीर सिंह सिंह के पैर पर अज्ञात लोग गोली मारकर फरार हो गए। वारदात के समय रणबीर सिंह खेत में बाजरे की पुली लगा रहा था। परिजन घायल को नारनौल के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां पर वह उपचाराधीन है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामल दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।
बता दें कि गांव डेरोली जाट के सरपंच पति रणबीर सिंह ने कुआं पर ही मकान बनाए हुए हैं। वह सोमवार की सुबह लगभग 9 बजे खेत में बाजरे की पुलि लगा रहा था। इस दौरान पीछे से आकर बदमाशों ने पैर पर गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। गोली उसके दाएं पैर के घुटनों के पास लगी। उस समय वह खेत में अकेला ही था। घायल रणबीर घर पर पहुंचा ओर उसने आपबीती बताई। परिजनों ने उसे नारनौल के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां पर वह उपचाराधीन है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। इसके बाद पुलिस ने अस्पताल में जाकर घायल से पूछताछ की और उसके बयान दर्ज किए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है। जांच अधिकारी के अनुसार
पुलिस को गांव डेरोली जाट के सरपंच पति रणबीर सिंह के गोली लगने की सूचना लगी थी।

# कांग्रेस की गुटबाजी खत्म करने अंबाला पहुंचे भूपेंद्र सिंह हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा के** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा अम्बाला शहर पहुंचे और अपने कार्यकर्ताओं व लोकल नेताओं के घर पहुंचें। सबसे पहले वे अशोक बूंदी के घर पहुंचे और उनकी माता के देहांत पर शोक जताया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान सिंह भी उपस्थित रहे। उसके बाद सेक्टर 1 स्थित कांग्रेसी नेता स्वर्गिय दलीप चावला बिट्टू के घर पहुंचे और यहां उन्होनें बिट्टू चावला की पत्नी अमीषा चावला व उनके बच्चों का हाल जाना। इस मौके पर अमिषा चावला ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा जब भी अम्बाला आते है तो उनके घर पर भी जरूर आते है।

**चर्चा की**
हमारा सौभाग्य है कि आज भुपेन्द्र सिंह हुड्डा हमारे बीच में है और हमारा मार्ग दर्शन कर रहे है : वरूण चौधरी

इसके बाद दोपहर 2 बजे सेक्टर 9 में पूर्व विधायक जसबीर मलौर के घर पहुंचे यहां पर उन्होनें कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समय में मंहगाई नहीं थी 2014 से पहले बेरोजगारी भी नहीं थी लेकिन अब हरियाणा मंहगाई व बेरोजगारी में नंबर 1 पर है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र, प्रॉपटी आई डी, राशन कार्ड में ही सरकार ने लोगों को उलझा कर रखा है। लोग दफ्तरों के चक्कर काट-काट कर परेशान होकर रह गए है। डिजिटल एक सही रास्ता है। लेकिन जो जनहित में हो उसे लागू करना चाहिए। लोगों को सिर्फ परेशानियां उठानी पड़ रही है उन्हें कोई फायदा नहीं हो रहा है। इस अवसर पर मुलाना विधायक वरूण चैधरी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि आज भुपेन्द्र सिंह हुड्डा हमारे बीच में है और हमारा मार्ग दर्शन कर रहे है। उन्होने कहा कि आने वाले समय में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे।

# जन सम्पर्क अभियान चलाकर दिया पहुंचने का न्यौता

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**भारतीय जनता** पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा ने गन्नौर विधान सभा के अन्तर्गत गांव बली कुतुबपुर, आहुलाना, अटायल, गढी झंझारा मे जनसम्पर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान नेहरा ने 12 सितम्बर को गन्नौर विधान सभा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन के लिए कार्यकताओं को प्रेरित किया। नेहरा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति अपने स्वार्थ साधने के लिए किसी भी हद तक गिर सकती है। जिसका ताजा



उदाहरण विपक्षी गठबंधन है। जिन नेता और दलों को कांग्रेस के नेता पानी पीकर कर कोसते थे। आज उन्हीं के तलवे चाट रहे है। कांग्रेस शासन के दौरान जब भी कोई विदेशी शासनाध्यक्ष भारत के दौरे पर आते थे तो धार्मिक स्थलों को पर्दो से ढकवा दिया करते थे परन्तु भाजपा के शासनकाल मे मोदी के नेतृत्व मे वाराणसी हरिद्वार और प्रयागराज जैसे धार्मिक स्थलों पर गंगा आरती मे हिस्सा लेते है।

# नगर निगम क्षेत्र वासियों को मिली 43 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोमवार को** नगर निगम मेयर कार्यालय में वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक मेयर निखिल मदान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मेयर निखिल मदान ने बताया कि निगम क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के लिए आज लगभग 43 करोड़ के बजट को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों में मुख्य रूप से 4 करोड़ 60 लाख की लागत से राठधना रोड़ पर आई टी आई चौक से बन्देपुर के सरकारी स्कूल तक का सड़क निर्माण शामिल है। साथ ही अलग अलग



वार्डों की विभिन्न कॉलोनियों में नई सीवरेज लाइन डालने औ सी सी से गली निर्माण के कार्य शामिल है। साथ ही मुख्यमंत्री घोषणा के तहत पाँच पांडवो के नाम पर शहर के 5 प्रवेश द्वार बनाए जाने का कार्य भी शामिल है। जिसमे रोहतक रोड़ पर भीम गेट,मुरथल रोड़ पर युधिस्ठिर गेट,गोहाना रोड पर सहदेव गेट,बहालगढ़ रोड पर अर्जुन गेट,नरेला रोड पर नकुल गेट बनाए जाने का कार्य होना है। इसके अतिरिक्त शुरूआती तौर पर शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों पर 1 करोड़ 64 लाख की लागत से 5000 एल ई डी स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाएगी।

# 'संतों व महात्माओं के दिखाये रास्ते पर चलें'

**पानीपत,कमाल हुसैन**
**रामानन्दाचार्य** स्वामी हंसदेवाचार्य महाराज जी के जयंती महोत्सव पर सोमवार को रोहतक में महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी के राधा कृष्ण ऑडिटोरियम में संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत लोकेश दास जी ऋषिकेश वाले ने की। वहीं संत सम्मेलन में पानीपत के आप के जिला अध्यक्ष एवं समाजसेवी राकेश चुघ ने भी विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में शिरकत की और राकेश चुघ ने भी देशभर से पहुंचे संत महात्माओं को शॉल ओढाकर व बुके देकर सम्मानित किया।
राकेश चुघ ने कहा
कि संतों व महात्माओं के दिखाये रास्ते पर चलकर देश व समाज की सेवा करनी चाहिये।

# 'जनता कांग्रेस को वोट देकर ठगा सा महसूस कर रही'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**पूर्व कैबिनेट** मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जैन ने कहा है कि कांग्रेस का विधायक एवं मेयर चुनने के बाद जनता को क्या मिला, इसका चिंतन शहरवासियों को ठंडे दिमाग से करना चाहिए, इस बार फिर हमें समर्थन एवं आशीर्वाद दोगे तो विकास की रुकी हुई गंगा फिर से बहने लगेगी ! गांव गढ़ी ब्राह्मणान में आयोजित सभा में स्वागत से अभिभूत कविता जैन ने कहा कि आजादी के बाद गढ़ी ब्राह्मणान में चौपालों, डिस्पेंसरी, गलियों, पार्क,शमशान, स्कूल का दर्जा 12 वीं तक करने, मुख्य सड़क का निर्माण जैसे अनेकों कार्य हुए परन्तु अब जनता कांग्रेस को वोट देकर ठगा सा महसूस कर रही है ! उन्होंने आगे कहा कि फिर भी हम



प्रयास करके जल्द ही शहर की सड़कों के पुर्ननिर्माण का कार्य शुरू करवा देंगे और पीने के पानी तथा सिवरेज की जिन जिन कालोनियों में काम चल रहा है उन्हें पूरा करवाएंगे ! सभा को सम्बोधित करते हुए राजीव जैन ने कटाक्ष किया कि लोग तो जितने के बाद नजर नहीं आते, हम तो चुनाव जीते या हारे हमेशा 24 घंटे जनता के सुख दु:ख में खड़े रहते हैं, इसी सेवा का संकल्प हमने ले रखा है ! उन्होंने आगे कहा कि 2024 का चुनाव नजदीक है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व गुरु बनाने का संकल्प ले रखा है, इसलिए हमें तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का दृढ़ निश्चय करना चाहिए। सभा में जिले सिंह चौहान, नवीन मंगला, संजीव वलेचा, कृष्ण कांत, जसवंत चौहान, सुनील, श्री कांत, महेंद्र, विक्की, कृष्ण, ओम प्रकाश, जोगेंद्र सेठा, बलवान, ओम, राणा, बहादुर, साहब सिंह, ज्योति, कौशल्या, संदीप आदि सैंकड़ो निवासी उपस्थित रहे।

# बाढ़ के नुकसान की मांग को लेकर डीसी कार्यालय में किसानों ने दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** में भाकियू चढ़ूनी ग्रुप द्वारा डीसी कार्यालय में प्रदर्शन कर बाढ़ से फसलों के हुए नुकसान के मुआवज किसानों के घरों के हुए नुकसान, ट्यूबवेल खराब के मुआवजे व एमएसपी को लेकर प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे पूरी नही हुई तो प्रदेश में बड़ा आंदोलन होगा। किसानों का कहना था कि बाढ़ के दौरान उनकी फसलों का भारी नुकसान हुआ। कई एकड़ फसल जलमग्न हो गई। यहां तक की कई खेत तो ऐसे हैं जहां पर मिट्टी के स्थान पर रेता जमा हो गया है। ऐसे में किसानों के लिए अपने खेतों से रेत हटाना भी एक चुनौती बना हुआ है। क्योंकि रेत के कारण भी वह फसलों के पैदावार नहीं ले सकते। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह किसानों को जल्द ही मुआवजा दें। कुछ किसानों का कहना था कि उनके मकान खेतों के बीच बने हुए है।
बाढ़ के कारण उनके मकानों को भी भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में सरकार अलग से मुआवजे दे जबकि कुछ किसानों ने यह भी बताया कि बाढ़ के पानी के कारण उनके टयूबवैल भी खराब हो चुके हैं। नए टयूबवैल लगाने पर भारी बरकम खर्चा आएगा। सरकार को चाहिए कि वह खराब टयूबवैलों पर भी मुआवजा दे।
किसान नेताओं ने बताया कि एक तरफ सरकार किसानों की आस दौगुनी करने की बात करती है लेकिन अभी तक देश में एमएसपी लागू नहीं की गई। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह फसलों पर एमएसपी लागू करते हुए किसानों को होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो आने वाले समय में किसान एक बार फिर से बडे आंदोलन के लिए तैयार होंगे।
भाकियू चढ़ूनी ग्रुप के जिला अध्यक्ष मलकीत सिंह, युवा जिला प्रधान परविन्द्र सिंह सहित अनेक किसान नेता मौजूद थे।

# घर में जैसा परिवेश है वैसे ही विचार एवं संस्कार बाल जीवन में होते हैं प्रवर्तित: विपिन शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद की अध्यक्ष मोनिका गुप्ता आईएएस के मार्गदर्शन में आज राजकीय उच्च विद्यालय खटोटी कला में नैतिक मूल्यों की शिक्षा पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
इस मौके पर योजना के नोडल अधिकारी एवं पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हर घर में जैसा परिवेश होता है उसी प्रकार के विचार एवं संस्कार बाल जीवन में प्रवर्तित



होते हैं। वास्तव में बाल अवस्था कोरे कागज की तरह होती है। जब बच्चा छोटा होता है तभी से उसमें अच्छे संस्कार रूपी पौधा रोपा जाना सम्भव होता है जिसे समय के साथ और अधिक पुष्पित व पल्लवित किया जा सकता है। ऐसे में प्रत्येक परिवार के हर एक सदस्य का दायित्व है कि बच्चों में भौतिक संसाधनों के स्थान पर अच्छी शिक्षा व संस्कार देने का लक्ष्य तय करें क्योंकि आज के युवा जिस तनाव, अवसाद, गलत संगत, अंधविश्वास और अनुशासनहीनता की गिरफ्त में में है उसका मूल कारण परिवारों में संस्कारो का अभाव ही है। ऐसे में यदि आरम्भ से बच्चों को सुसंस्कार दिए जाए तो वे न केवल अपना जीवन सुधारेंगे बल्कि परिवार के अलावा आमजन का भी सम्मान करेंगे। जीवन की स्थाई सफलता का आधार मनुष्य का चरित्र ही है।

## यूनिसेफ के सहयोग से देशभर में चलाया जा रहा है टीकाकरण जागरूकता अभियान

# 'टीकाकरण करवाएं, अपने बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाए'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) सघन** मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के द्वितीय चरण की शुरूआत अंबाला में भी की गई। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ.चित्रा ने कहा कि जो छुटे हुए बच्चे है तथा जिनका किसी कारण से टीका करण नहीं हो पाया। इस अभियान के तहत उन बच्चों का सर्वे कर टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हमारी टीमें स्लम एरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में जाकर टीकाकरण कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा 7 अगस्त को एक पोटर्ल भी लॉच किया गया था कि जिसमें रियल टाईम में बच्चों के टीकाकरण की एंट्री की जा रही है। इस पोटर्ल पर फायदा यह है कि किसी भी बच्चे को कार्ड की जरूरत नहीं रहेगी। हर बच्चा सर्वे के बाद पोटर्ल पर रिजीस्ट्रड होगा। उन्होंने यह भी बताया कि जो नए बच्चे पैदा हो रहे है। उनको तुरंत उसी समय टीकाकरण कार्ड दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जो बच्चे उन तक नहीं पहुंच पा रहे थे उन बच्चों को ढूंढते हुए हम टीकाकरण कर रहे है। उन्होंने यह भी बताया कि यूनीसैफ व डब्लयू एचओ की रूप रेखा तैयार करतें है। इसके बाद सरकार द्वारा तैयार की गई गाइड लाइन द्वारा टीकाकरण किया जाता है।

**टीकाकरण**
गर्भवती महिलाओं से भी अपील करते हुए कहा कि वह भी अपना टीकाकरण अवश्य कराये

इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अभिभावक जिनके बच्चे 0 से 5 वर्ष आयु के हैं वह अपने बच्चों का 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण जरूर कराएं यह टीकाकरण समस्त स्वास्थ्य केंद्रो व टीकाकरण सत्रों पर निशुल्क किया जाएगा।
उन्होंने गर्भवती महिलाओं से भी अपील करते हुए कहा कि वह भी अपना टीकाकरण अवश्य कराये। उन्होंने बताया कि आज से सघन मिशन इंद्रधनुष ण 5.0 अभियान के द्वितीय चरण की शुरूआत की गई है। यह अभियान तीन चरणों में पूरा होगाए जिसके प्रथम चरण की शुरूआत 7 अगस्त से किया गया था जो 12 अगस्त तक की गई थी इसी प्रकार से आज दूसरा चरण 11 से16 सितंबर तक चलाया जायेगा इसका तीसरा चरण 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के मध्य चलाया जाएगा जिसमें किसी भी कारण से नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चे और गर्भवती महिलाओ का टीकाकरण किया जाएगा। इसके साथ ही नियमित टीकाकरण अभियान भी जारी रहेगा। गौरतलाप है कि देशभर में यूनिसेफ द्वारा टीकाकरण को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है समय-समय पर सेमिनार का आयोजन कर यूनिसेफ लोगो को प्रेरित करता है

# दिल्ली में जारी रहेगा साफ-सफाई का काम

## जी 20 के दौरान अपने मेहमानों का स्वागत करने के लिए दिल्ली दुल्हन की तरह सजी हुई थी





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली की** पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि हम सभी दिल्लीवासियों और सभी एजेंसियों को बधाई देना चाहते हैं, जिनकी मेहनत से दिल्ली में जी-20 का सफल आयोजन हो सका। चाहे वो दिल्ली सरकार, एमसीडी, एनडीएमसी या दिल्ली पुलिस हो, सभी की मेहनत से जी-20 सफल हो सका। उन्होंने कहा कि जी 20 के दौरान अपने मेहमानों का स्वागत करने के लिए दिल्ली दुल्हन की तरह सजी हुई थी। दिल्ली के लोगों ने अनुशासन के साथ अपने मेहमानों का स्वागत किया। इस दौरान बहुत सी सड़कें बनीं, सड़कों की रीडिजाइन की गई, बहुत बड़े स्तर पर हॉर्टिकल्चर का काम किया गया और शानदार लाइट्स व फव्वारे लगाए गए। जी-20 के डेलीगेट्स जहां भी जा रहे थे, उस पूरे हिस्से का सौंदर्यकरण किया गया और बेहतर ढंग से साफ-सफाई और रखरखाव भी किया गया। आतिशी ने आगे कहा कि जिस प्रकार जी-20 आयोजन स्थल वाले इलाकों में सौंदर्यकरण का काम किया गया, ठीक उसी तरह से पूरी दिल्ली के सौंदर्यकरण का काम होगा। दिल्ली में 1400 किमी. पीडब्ल्यूडी की सड़कें हैं। सभी सड़कों का सौंदर्यीकरण, अच्छी लाइट्स लगाने और हॉर्टिकल्चर के साथ ग्रीनरी बढ़ाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही शहरी विकास विभाग और एमसीडी मिलकर जी-20 के एरिया की तरह ही मैकेनिकल रोड स्वीपिंग, रोड वाशिंग और लगातार फुटपाथ की साफ-सफाई का काम पूरी दिल्ली में किया जाएगा। साथ ही दिल्ली सरकार आवश्यकता के अनुसार और रोड स्वीपिंग, रोड वाशिंग मशीन खरीदने में एमसीडी की मदद करेगी।

### सुंदर बनाने के लिए विभाग मिलकर करेंगे काम

**सौरभ** भारद्वाज ने आगे कहा कि तीन दिनों तक दिल्ली के लोगों ने खुद को घरों में कैद कर लिया था। कुछ दिन उन्हें ट्रैफिक जाम की समस्या का भी सामना करना पड़ा। लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम, शहरी विकास विभाग और अन्य विभाग भविष्य में दिल्ली को सुंदर बनाने के लिए मिलकर काम करेंगे। वहीं, आतिशी ने कहा कि हम दिल्ली के लोगों से वादा करते हैं कि सौंदर्यीकरण की यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान व्यवस्थित रूप से मैकेनिकल रोड स्वीपिंग और सड़क की धुलाई की जा रही थी, एमसीडी इसे आगे भी जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो दिल्ली सरकार दिल्ली को साफ रखने के लिए और मशीनें खरीदने में उनका समर्थन करेगी।

**सौंदर्यीकरण**

**▶▶ जी-20 की तर्ज पर अब दिल्ली की सभी सड़कों का सौंदर्यीकरण करेगी: मंत्री आतिशी**

## नरेला इंडस्ट्रियल इलाके में फैक्टरी में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बाहरी उत्तरी जिले के नरेला इंडस्ट्रियल इलाके स्थित एक फैक्टरी में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व दमकल विभाग की 15 गाड़ियों मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। खबर लिखे जाने तक आग बुझाने का कार्य चल रहा है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि सोमवार सुबह 6:10 पर दमकल विभाग को नरेला के भोरगढ़ स्थित एक फैक्टरी में आग लगने की जानकारी मिली थी। सूचना मिलते ही एक-एक कर 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

## दिल्ली में आत्महत्या के मामलों को रोकने के लिए विद्यार्थियों को किया जाएगा जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी के सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या की रोकथाम के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में सभी स्कूलों को निर्देश दिया कि स्कूलों में आत्महत्या की रोकथाम से संबंधित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए। इसमें स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान शिक्षकों की ओर से विद्यार्थियों को खुद को नुकसान पहुंचाने और आत्महत्या के प्रयास करने के बारे में चर्चा करनी चाहिए और उन्हें ऐसा न करने के बारे में जागरूक



करना चाहिए

**मानसिक स्वास्थ्य को सुरक्षा जाल के रूप में काम करें स्कूल:** निदेशालय के अधिकारी ने कहा कि स्कूलों का न केवल विद्यार्थियों के प्रति शैक्षणिक दायित्व है, बल्कि विद्यार्थियों के सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य और समग्र विकास को सुनिश्चित करने में उनकी आवश्यक भूमिका है। ऐसे में यह जरूरी है कि स्कूल उन्हें उन जोखिम से बचाने के लिए एक सुरक्षा जाल के रुप में कार्य करें जो उनकी शिक्षा, विकास और मनोवैज्ञानिक-सामाजिक कल्याण में बाधा डाल सकते हैं।

**16 सितंबर से शुरू होगा अभियान:** उन्होंने कहा कि स्कूलों को संवेदनशीलता और सावधानी के साथ विद्यार्थियों में सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। स्कूलों में 16 सितंबर तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरुक किया जाएगा।

## दिल्ली दंगा: शरजील की वैधानिक जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली दंगा मामले में शरजील इमाम की वैधानिक जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एडिशनल सेशंस जज अमिताभ रावत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखने का आदेश दिया। कोर्ट ने 29 अगस्त को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। शरजील इमाम की ओर से वकील अहमद इब्राहिम और तालिब मुस्तफा ने याचिका में कहा है कि शरजील इमाम 28 जनवरी, 2020 से हिरासत में है।उसने अधिकतम 7 साल की सजा का आधा हिस्सा जेल में रह कर काट



लिया है। ऐसे में उसको तत्काल जेल से रिहा किया जाए। दिल्ली पुलिस ने यूएपीए के तहत दाखिल चार्जशीट में कहा है कि शरजील इमाम नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को अखिल भारतीय स्तर पर ले जाने के लिए बेताब था और ऐसा करने की जी तोड़ कोशिश कर रहा था। दिल्ली पुलिस ने शरजील इमाम के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए, 153ए,

## 11 साल की मासूम के साथ पार्क में दुष्कर्म

**नई दिल्ली:** द्वारका जिला के बाबा हरिदास नगर इलाके में मंदिर में दर्शन कराने के बहाने एक युवक ने 11 साल की मासूम को पार्क में ले जाकर दुष्कर्म किया। वारदात के बाद किसी को कुछ भी बताने पर मासूम को जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता घर पहुंची तो उसके कपड़ों पर लगा खून देखकर मां से पूछताछ की। मासूम रोने लगी और उसने सारी बात अपनी मां को बता दी। फौरन मासूम से पूछताछ के बाद आरोपी युवक रवि को एरिया में से दबोच लिया गया। वह बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने पॉक्सो ओर दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## चोरी करते पकड़ा गया चोर चौथी मंजिल से कूदा, हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तरी** जिले के सराय रोहिल्ला इलाके में चोरी करते पकड़ा गया एक चोर लोगों से खुद को छुड़ा कर चौथी मंजिल से कूद गया। वारदात 28 अगस्त की सुबह की है। वारदात के 11 दिन बाद मामले में सराय रोहिल्ला थाना पुलिस ने लापरवाही से हुई मौत और चोरी की धारा में अलग-अलग दो एफआईआर दर्ज की हैं। मृतक की शिनाख्त सन्नी(29) के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार, सरफराज शहजादा बाद इलाके में एक फैक्ट्री में काम करते हैं। 28 अगस्त सुबह नौ बजे वह फैक्ट्री पहुंचे तो वहां पता चला कि कुछ फैक्ट्री कर्मियों ने एक चोर का पकड़ रखा है। उसकी जमकर पिटाई की गई है।

**पानी पीने के बहाने चौथी मंजिल पर चढ़ा:** सभी पकड़े गए युवक से मोबाइल और बैग के बारे में पूछ रहे थे। इस दौरान वह पानी पीने के बहाने फैक्ट्री की चौथी मंजिल पर चला गया। वहां से उसने नीचे छलांग लगा दी। घायल अवस्था उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

**कई दिनों तक नहीं हो सकी शिनाख्त:** पुलिस अधिकारी ने बताया कि कई दिनों तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। चार सितंबर को एसएचओ ने मामले की जांच के लिए जांच अधिकारी को आदेश दिया।

## सिख विरोधी दंगा मामला डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज के पास भेजा

### कोर्ट में सुनवाई के दौरान जगदीश टाइटलर के वकील ने सुनवाई टालने की मांग की थी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राऊज एवेन्यू कोर्ट** की एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने 1984 सिख विरोधी दंगों से जुड़े पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा का मामला सुनवाई के लिए डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज के पास भेज दिया है। अब डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज तय करेंगे कि इस मामले पर सुनवाई कौन सेशंस जज करेंगे। कोर्ट में 6 सितंबर को सुनवाई के दौरान जगदीश टाइटलर के वकील ने सुनवाई टालने की मांग की थी, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई थी। टाइटलर के वकील ने कहा था कि जिन दलीलों के आधार पर उनको जमानत मिली थी, अब सीबीआई उन दलीलों को अपनी



नई चार्जशीट में खारिज कर रही है। सुनवाई के दौरान दंगा पीड़ित पक्ष के वकील ने कहा था कि मामले की सुनवाई तेजी से होनी चाहिए, ये मामला दशकों से लंबित है। दरअसल, जगदीश टाइटलर की ओर से कोर्ट में अर्जी दाखिल कर मामले में 1984 से 2023 तक के सारे दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इसके पहले जगदीश टाइटलर ने सुरक्षा का हवाला देते हुए वर्चुअली कोर्ट में पेश होने की इजाजत मांगी थी। इस पर 10 अगस्त को कोर्ट ने जगदीश टाइटलर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश होने की इजाजत दे दी थी। 4 अगस्त को राऊज एवेन्यू कोर्ट सेशंस कोर्ट के स्पेशल जज विकास ढल ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया था। जगदीश टाइटलर 5 अगस्त को कोर्ट में पेश हुए थे।

**सुनवाई**

**▶▶ अब डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज तय करेंगे कि इस मामले पर सुनवाई कौन सेशंस जज करेंगे**

## दिल्ली में ट्रांसजेंडर लोगों के लिए बनवाए 100 से अधिक टॉयलेट्स

### अभी और शौचालयों का तेजी से किया जा रहा निर्माण




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एक जनहित** याचिका पर जवाब देते हुए दिल्ली सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट को सूचित किया कि राष्ट्रीय राजधानी में ट्रांसजेंडर लोगों के विशेष उपयोग के लिए 100 से अधिक शौचालय बनाए गए हैं। समाज कल्याण विभाग के वकील ने मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा व न्यायमूर्ति संजीव नरुला की पीठ के समक्ष कहा कि इसके अलावा 194 शौचालय निर्माणाधीन हैं। शौचालय निर्माण के प्रयास किए जा रहे हैं और आगे की कार्रवाई तेजी से की जाएगी। याचिकाकर्ता जैस्मीन कौर छाबड़ा की जनहित याचिका पर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एमडीएमसी, ठउद्दउ) के अधिवक्ता ने पीठ को सूचित किया कि एनडीएमसी क्षेत्र में ट्रांसजेंडरों के लिए 12 शौचालय संचालित हो रहे हैं और 79 और शौचालयों के निर्माण के लिए निविदाएं जारी की गई हैं।

**पहले देखा जाएगा कार्य:** सरकार और एनडीएमसी का बयान सुनने के बाद अदालत ने कहा कि मामले में कार्य प्रगति को देखते हुए याचिका पर आदेश पारित किया जाएगा। याचिकाकर्ता जैस्मीन कौर छाबड़ा ने ट्रांसजेंडरों के लिए शौचालय का निर्माण कराने का निर्देश देने की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर की है।

**यौन उत्पीड़न का हो जाती हैं शिकार:** उन्होंने याचिका में तर्क दिया कि विशेष रूप से ट्रांसजेंडरों के लिए समर्पित शौचालय न होने के कारण वे यौन उत्पीड़न का शिकार हो जाती है। 14 मार्च को हुई अदालत ने सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण से जुड़े अदालत के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर नाराजगी जताई थी।

याचिका में कहा गया था कि मैसूर, भोपाल और लुधियाना में ट्रांसजेंडरों के लिए पहले से ही अलग सार्वजनिक शौचालय बनाए हैं, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी में अभी भी ऐसी सुविधा नहीं है।

**निर्माणाधीन**

**▶▶ मुख्य न्यायाधीश व न्यायमूर्ति संजीव की पीठ के समक्ष कहा कि इसके अलावा 194 शौचालय निर्माणाधीन हैं**

## पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या, पति गिरफ्तार

### मृतका की पहचान निशा के रूप में हुई है, इस वारदात के दौरान मृतक की लड़की भी घायल हो गई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तर पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके में पति ने अपनी पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान निशा के रूप में हुई है। इस वारदात के दौरान मृतक की लड़की भी घायल हो गई। पुलिस ने हमलावर पति को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। आरोपित की पहचान साजिद के रूप में हुई है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि बीती देर रात जफराबाद पुलिस को सूचना मिली कि मौजपुर के विजय मोहल्ला स्थित गली नंबर 3 में पति ने अपनी पत्नी को चाकू मार दिया है। सूचना मिलते ही जफराबाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायल पत्नी को



जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी गर्दन, छाती और बाएं हाथ पर चाकू के निशान पाए गए थे। पूछताछ में ये भी पता चला कि हाथापाई के दौरान 11 वर्षीय बड़ी बेटी ने अपनी मां को बचाने की कोशिश की, जिससे उसका हाथ भी गंभीर रूप से कट गया है। इलाज के लिए उसे जीटीबी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। डीसीपी ने बताया कि क्राइम टीम और एफएसएल की टीम से घटनास्थल का जांच कराया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। डीसीपी का कहना है कि आरोपित पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के समय दोनों बेटियां जिनकी उम्र 11 और 07 वर्ष है घर पर मौजूद थी। आरोपी कुछ समय पहले तक मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाता था। वर्तमान में वह बेरोजगार है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसे शक था कि उसकी पत्नी उसके साथ बेवफाई कर रही है। जिसकी वजह से उसने उसकी हत्या कर दी। वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया गया है।

## दो लड़कों ने नौवीं के छात्र पर नुकीली चीज से किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली** के अमन विहार थाना इलाके में नौवीं कक्षा के छात्र पर नुकीली चीज से वार कर दिया। छात्र ने भागकर जान बचाई। अमन विहार थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किराड़ी सुलेमान नगर के मोहम्मद हसन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नौवीं कक्षा के छात्र हैं। वह शाम को अपने घर से बेकरी की दुकान पर जा रहे थे। जैसे ही वह दिलीप डेरी के पास पहुंचे तो वहां पर अनमोल व रमन दो लड़के खड़े थे। उन्होंने रोककर उसके मोबाइल के बारे में पूछा। छात्र के पास मोबाइल न होने के कारण उसने मना कर दिया। तभी रमन ने उसको पीछे से पकड़ लिया और अनमोल उसकी पेंट की जेब चेक करने लगा। इसके बाद छात्र ने रमन को धक्का दे दिया और भागने की कोशिश की। इसी दौरान रमन ने नुकीली चीज से उस पर वार कर दिया। इसके बाद अनमोल ने भी उसी नुकीली चीज से उस पर वार कर दिया। वह किसी तरह से उनके चंगुल से छूटकर अपने घर पहुंचा, जहां छात्र के परिजन उसे अस्पताल लेकर गए। अमन विहार थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दिल्ली एमसीडी ने बजट बनाने की प्रक्रिया शुरू की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली नगर निगम** के महापौर चुनाव से लेकर अब तक संवैधानिक संकटों के उत्पन्न होने का सिलसिला खत्म नहीं हुआ है। अब ताजा मामला दिल्ली नगर निगम के बजट का है। नगर निगम की स्थायी समिति का गठन अभी हुआ नहीं है और विभागों ने बजट बनाने की तैयारी शुरू की दी है। ऐसे में स्थायी समिति का गठन नहीं हुआ, तो निगम का बजट कहां पर पेश होगा, इसको लेकर संकट के बादल मंडराने लगे हैं, क्योंकि निगम के बजटीय विनियमों के अनुसार 10 दिसंबर से पहले ही निगमायुक्त को स्थायी समिति में बजट पेश करना होता है। अगर, स्थायी समिति का गठन न हुआ, तो बजट कहां पेश होगा इसका उल्लेख न तो निगम एक्ट में है और न ही बजटीय विनियमों में है।

**संबंधित विभागों से मांगी जानकारी:** विशेषज्ञ कह रहे हैं प्रशासक होने के नाते निगमायुक्त इस स्थिति में उपराज्यपाल के समक्ष बजट पेश कर सकते हैं। यह सवाल इसलिए उठा है, क्योंकि नगर निगम के चीफ अकाउटेंट कम



फाइनेशियल एडवाइजर ने आदेश जारी कर 15 सितंबर तक सभी विभागों से वित्त वर्ष 2023-24 के संशोधित बजट अनुमान और 2024-25 के बजट अनुमान पेश करने के लिए जानकारी मांगी है। आदेश के अनुसार विभागों को कर्मचारियों के वेतन और नियमिति खर्चों के साथ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिलने वाले लाभ पर होने वाल खर्च का भी विवरण देना होगा। साथ ही वाहनों की मरम्मत और ईंधन पर होने वाले खर्च की जानकारी देनी होगी।

**इसलिए नहीं हो पाया है स्थायी समिति का गठन:** दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति का गठन करने में कोई कानूनी अड़चन नहीं है, लेकिन निगम सुप्रीम कोर्ट के आदेश का इंतजार कर रहा है। महापौर डॉ. शैली ओबेराय ने उपराज्यपाल द्वार नियुक्त किए गए मनोनीत सदस्यों के मनोनय को चुनौती दी थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। ऐसे में निगम इसका इंतजार कर रहा है। वैसे बिना आदेश के भी निगम समिति का गठन करना चाहे तो उसके सामने कोई कानूनी अड़चन नहीं है, पर इस पर राजनीतिक दल (भाजपा और आप) सहमति नहीं दे रहे हैं, क्योंकि दोनों को ही लगता है सुप्रीम कोर्ट में निर्णय उनके पक्ष में आएगा।

**बजट की तैयारी**

**▶▶ दिल्ली नगर निगम के बजट का है। नगर निगम की स्थायी समिति का गठन अभी हुआ नहीं है**

## कंपनी छोड़ने के बाद भी महिला कर्मचारी के घर तक पहुंचा पूर्व मैनेजर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पुलिस को** दी शिकायत में युवती ने बताया कि वह परिवार के साथ वसंत कुंज के ई-ब्लाक में रहती है। वह पूर्व में नोएडा में एक निजी कंपनी में काम करती थी। युवती का कहना है कि वह तीन सितंबर को अपने घर पर थी और किचन में खाना बना रही थी। इसी बीच किसी ने घर का दरवाजा खटखटाया। युवती की मां ने दरवाजा खोला तो पुल्कित नाम का व्यक्ति जबरन घर के अंदर घुस गया।

**मां के सामने की अश्लील हरकत:** पीड़िता ने बताया कि आरोपित नोएडा स्थित उसकी पूर्व



कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। युवती का आरोप है कि आरोपित ने घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकत की। यह करतूत आरोपित ने पीड़िता की मां के सामने की।

**विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी:** जब युवती ने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी।

## न्यूज फ्लैश

### ओम शांति शिक्षा सदन के 6 छात्रों का प्रदेश की कबड्डी टीम में चयन



**राईः ओम शांति** शिक्षा सदन नाथुपुर के विद्यालय की कबड्डी टीम के छह छात्रों धैर्य, दक्ष, शिवम, कार्तिक, दीपांशु, देवांश का अंडर 17 (55 किलो वर्ग) में राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। अब ये खिलाड़ी अपनी प्रतिभाग के जौहर दिखाएंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने बताया कि यह विद्यालय के लिए अत्यधिक गौरव की बात है। सभी छात्र जींद में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राई ब्लॉक में अंडर-17 में स्कूल के सबसे ज्यादा खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

### दंगा नियंत्रण कंपनी ने किया मार्क ड्रील

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। दंगा** नियंत्रण के लिए गठित की गई कंपनी की पुलिस लाइन नारनौल में ड्रील आयोजित की गई, जिसमें पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों को अहम दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एंटी रायट इक्विपमेंट्स व शस्त्रों के साथ जवानों का अभ्यास कराया गया। कंपनी में शामिल समस्त प्लाटूनों के ड्रील का निरीक्षण कर उचित दिशा-निर्देश दिये गये और अपने स्वास्थ्य का देखभाल करने हेतु समझाईस दी गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपने कर्तव्य के सही ढंग से निर्वहन के लिये स्वस्थ रहना अत्यंत ही आवश्यक है, जिसके लिये संयमित खान-पान एवं नियमित व्यायाम करने हेतु निर्देशित किया गया।
पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल द्वारा कानून व्यवस्था के लिए बनाई गई कंपनी का पुलिस लाइन नारनौल में निरीक्षण किया गया। दंगा नियंत्रण से सुसज्जित पुलिसकर्मियों के इक्विपमेंट चेक कर हर तरह की परिस्थितियों से तुरंत निपटने और तैयार रहने के दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान फोर्स के सभी जवानों को इक्विपमेंट ठीक से रखने की सख्त हिदायत दी गई। पुलिस कप्तान ने इस दौरान वाटर कैनन और वज्रा गाड़ी का भी निरीक्षण किया और संबंधित को कमी पूरा करने के आवश्यक निर्देश दिए। जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लाइन में दंगा निरोधक कम्पनी द्वारा ड्रिल का अभ्यास करवाया गया। इसमें महिला पुलिस बल की टुकड़ी ने भी ड्रिल की।

### सरपंच पति को अज्ञात ने मारी गोली, पांव में लगी, निजी अस्पताल में कराया भर्ती

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी**
**नारनौल। जिले** के गांव डेरोली जाट में सरपंच पति पर गोली चलाने का मामला सामने आया है। गोली लगने पर सरपंच पति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको नारनौल के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं गोली लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर महेंद्रगढ़ पुलिस पहुंच गई तथा जांच में जुट गई। गांव डेरौली जाट के सरपंच का पति रणवीर सिंह सुबह अपने खेत में बाजरे की पुली लगाने का काम कर रहा था। इस दौरान अज्ञात हमलावरों ने उस पर गोली चला दी। गोली उसके दाएं पैर के घुटने के पास लगी। गोली मारने के बाद हमलावर वहां से भाग गए। वही गोली चलने की सूचना मिलने के बाद ग्रामीण व परिजन मौके पर एकत्र हो गए। उन्होंने तुरंत घायल को नारनौल की एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर उसको इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया। इस बारे में महेंद्रगढ़ सदर थाना प्रभारी श्योताज ने बताया कि सुबह उन्हें गोली चलने की सूचना मिली थी। इसके बाद में गांव में पहुंचे। गांव में पहुंचने पर पता चला कि घायल व्यक्ति को नारनौल के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जिसके बाद वे पीड़ित का बयान लेने के लिए अस्पताल में पहुंचे।

# 'सामाजिक तानाबाना मजबूत रखें'

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन**
**प्रदेश के** विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली ने सोमवार को गांव पलड़ी में 1965 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए शहीद आखेराम सहरावत के शहीदी दिवस के अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सबको अपना सामाजिक तानाबाना मजबूत रखना चाहिए और इंसानियत की सोच रखते हुए शहीदों के बताए रास्ते पर आगे बढना चाहिए तब कहीं जाकर हम समाज को ऊपर उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको चाहिए कि शिक्षा की लौ को जलाकर ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को शिक्षित करें। आने वाली पीढि?ों को पानी बचाने और ज्यादा से



ज्यादा पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आज पानी के लिए हम सबको कितनी मारामारी करनी पड़ती है। इसका एक ही हल है कि हम जल की ज्यादा से ज्यादा बचत करें। मंत्री देवेन्द्र बबली ने कहा कि प्रदेश की गठबंधन सरकार भी जल बचाओ से लेकर पेड़-पौधे ज्यादा लगाने पर बल दे रही है। यही नहीं गली, नाली, चौपाल इत्यादि मूलभूत सुविधाएं भी ज्यादा से ज्यादा दी जा रही हैं। आज प्रदेश में गांवों के अंदर शहरों की तर्ज पर सुविधाएं ज्यादा से ज्यादा देने का काम चल रहा है। प्रदेश द्वारा चलाए गए विभिन्न अभियानों की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रशंसा की है और प्रदेश को अग्रणी राज्यों में खड़ा किया है। विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली ने कहा कि मनरेगा के तहत स्कूलों, फिरनियों इत्यादि में काम करवाएं जा रहे हैं।

**प्रेरित**

**शिक्षा की लौ को जलाकर ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को शिक्षित करें**

उन्होंने कहा कि चंहूमुखी विकास को लेकर काम करवाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गांव में करवाए जा रहे विकास कार्यो की निगरानी कमेटी बनाकर पारदर्शिता के साथ विकास के काम करवाएं ताकि विकास कार्यों में किसी भी तरह की कोई कमी-पेशी ना रहे। उन्होंने शहीद आखेराम के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके परिजनों को सम्मानित भी किया। विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली ने गांव की ओर से स्टेडियम, फिरनी इत्यादि कार्यो को लेकर दिए गए मांगपत्र पर प्रस्ताव भेजने के लिए। उन्होनें कहा कि आगामी 15 से 20 दिनों में ई-लाईब्रेरी का टैण्डर लगा दिया जाएगा और दो महीनें में लाईब्रेरी तैयार कर दी जाएगी। यही नहीं स्टेडियम में करवाए जा रहे विकास कार्यो के लिए दूसरी किश्त भी जल्द ही जारी कर दी जाएगी। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ विवेक चौधरी, जेजेपी नेता देवेन्द्र कादिद्दयान, जेजेपी के राष्ट्रीय सचिव सुरेश काला, जेजेपी के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र धौला, जेजपी की जिलाअध्यक्ष गीता इत्यादि सहित जेजेपी के अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/राई। राजकुमार शर्मा** फांऊडेशन एंव द्दष्टि सेवा समिति सोनीपत द्वारा राई हलके के गांव अकबरपुर बरोटा के कम्यूनिटी सेंटर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारम्भ समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा ने किया। शिविर में गांव के करीब 150 जरूरतमंद महिला एवं पुरूषों ने अपनी आंखें की जांच करवाई। समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा ने कहा कि संस्था गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए हलके में बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिविर में जो लोग आंखों के आप्रेशन के योग्य मिले हे। उनका दिल्ली के अस्पताल में आप्रेशन करवाया गया। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी संस्था फांऊडेशन एंव द्दष्टि सेवा समिति के सहयोग से जरूरमंद लोगों के लिए मदद कर रही है।

## कहानी वाचन में रिशिता, शीनम व गर्वित ने किया बेहतर प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। हैप्पी चाइल्ड** इंटरनेशनल स्कूल में कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दूसरी व तीसरी कक्षा के बच्चों ने प्रेरणादायक कहानियों से नैतिक शिक्षा का ज्ञान दिया। प्रतियोगिता में दूसरी कक्षा से रिशिता ने प्रथम, शीनम ने द्वितीय,गर्वित और अभिनव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीसरी कक्षा से वंश ने प्रथम कशवी ने द्वितीय ,निक्की व अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या उषा मलिक ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और बच्चों को बताया कि कहानी सुनाना एक कला है नियमित रूप से कहानी कहना और पढ़कर सुनाना एक अच्छा अभ्यास है क्योंकि इससे हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। विद्यालय प्रबंधक सुनील नागपाल ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

## मकान के शौचालय की जाली तोड़ चोरों ने चुराए गहने

**गन्नौरः बीएसटी कालोनी** में एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए चोर सोने व चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर फरार हो गए। परिवार के लोग जब वापिस लौटे तो उन्हें चोरी का पता चला। पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में बीएसटी कालोनी की रहने वाली रीना देवी ने बताया कि 3 सितंबर को वह अपने परिवार के साथ मकान को ताला लगा कर वृंदावन घूमने गई थी। 9 सितंबर को वह वापिस लौटे तो उनके शौचालय की जाली टूटी हुई थी और उनके कमरे का सामान बिखरा हुआ पड़ा था। जब उन्होंने कमरे में रखे संदूक को जांचा तो उसमें रखे सोने व चांदी के गहने गायब मिले।

## पुणे में हुई तैराकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता का किया आंतिल ने स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/राई। पुणे में 3** से 5 सितंबर तक आयोजित तैराकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता के सम्मान में नांगल कलां गांव में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राई हलके के समाजसेवी एवं आंतिल बाहरा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने नोटो की माला पहनाकर स्वागत किया। आंतिल ने कहा कि खिलाड़ी ने 3 चरणों में हुई प्रतियोगिता में पदक जीतकर गांव का नाम रौशन किया है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ खेलो की तरफ ध्यान दे। खेलो का भी जीवन में उतना महत्व है जितना शिक्षा का। उधर मुरथल गांव में आयोजित फूटबाल प्रतियोगिता में पहुंचकर समाजसेवी आंतिल ने खिलाड़ियों



का परिचय लेते हुए उनका हौसल्ला बढ़ाया। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि गांव में खेल प्रतिभा तो बहुत है लेकिन उन्हें तराशने की जरूरत है। इसी काम को करने में युवा लगे हुए है। इसके बाद जयभगवान आंतिल ने मछरौला गांव में आयोजित उनके सम्मान में कार्यक्रम में पहुंचे। ग्रामीणों ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया और बुजुर्गो ने आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर संजय चौहान सरपंच, नीरज चौहान, बली, जितेंद्र बंजारा, नफ़े सिंह बंजारा, दिलीप, बलजीत, नरेश स्वामी, गंगातिलक, दीपक दाहिया, अनिल दहिया, हुकुमचंद,कृष्ण जी संजय, दीपक, मोहित, हिमांशु, अशोक, प्रेमकाफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेशी कूटनीति के कारण पूरे विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ाः नवीन बंटी

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़। भारत के** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में जी -20 की ऐतिहासिक सफलता पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने खुशी जताते हुए कहा कि जी-20 की अध्यक्षता करना भारत वासियों के लिए गर्व करने की बात थी और इसकी ऐतिहासिक सफलता पाना एक सपना पूरा होने के समान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेशी कूटनीति के कारण पूरे विश्व में देश का मान सम्मान बढ़ा है।



सेक्टर 2 कार्यालय पर मौजूद कार्यकताओं को जी -20 की सफलता से अवगत कराते हुए नवीन बंटी ने कहा कि जी-20 सम्मेलन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की प्राचीन वसुधैव कुटुंबकम की रीति नीति का विश्व में प्रचार करने का काम किया है।
जी-20 के सभी सदस्यों का दिल्ली घोषणा पत्र पर सहमत होना ही भारत को विश्व गुरु बनने की राह पर पहला कदम है। सम्मेलन में भारत ने परमाणु हथियार संपन्न देशों को परमाणु हमला अथवा धमकी नहीं देने तथा दूसरे देशों की अखंडता, संप्रभुता के सम्मान का आह्वान कर विस्तारवादी ऐजेंडा पर अंकुश लगाने पर सहमत करवाना बहुत बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। नवीन बंटी ने कहा कि इस सम्मेलन के सफल आयोजन से पूरे विश्व में भारत की धाक जमी है और सभी देशों के प्रतिनिधि विशेष रूप से विकासशील देशों को भारत से बहुत सारी अपेक्षाएं हो गई है।

## एनईआईएफटी द्वारा मिलान में मनाया गया है नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल



**नई दिल्ली :** मिलान शहर में 9 सितंबर, 2023 की रात शहर के बीचोंबीच स्थित हिस्टोरिकल वेन्यू विला नैकी कैम्पिग्लियो में एक मिनी नॉर्थ ईस्ट इंडिया की झलक देखने को मिली। मौका था नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनईआईएफटी) और काउंसलेट जनरल ऑफ इंडिया मिलान, द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित सेलिब्रेटिंग नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के 17वें एडिशन का। फेस्टिवल के डायरेक्टर विक्रम राय मेधी ने मिलान के माननीय कंसोल जर्नल अजुंगला जमीर के साथ खचाखच भरे हॉल के सभी लोगों का स्वागत किया और साथ ही कुछ गणमान्य लोगों को सम्मानित किया, जिनमें मिलान मुंसीपाल्टी के काउंसलर और इटली के एंटी-माफिया कमीशन के वाइस प्रेसिडेंट श्री लुका बर्नार्डो, डिप्टी प्रीफेक्ट ऑफ मिलान सुश्री सबरीना पेन, मिलान की डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस सुश्री डेनिस मटन, रिपब्लिक ऑफ साउथ कोरिया के माननीय कंसोल जनरल कांग ह्युंग-शिक, जापान के माननीय कंसोल जनरल कोबायाशी तोशियाकी, क्रोएशिया के माननीय कंसोल जनरल डॉ स्टेजेपनरिबिक, ब्राजील के माननीय कंसोल जनरल हादिल दा रोचा-वियाना, बहामास के माननीय कंसोल जनरल माइकल एंजेला विस्मारा, भारत सरकार के टेक्सटाइल और जल शक्ति के पूर्व सचिव श्री यूपी सिंह, मेघालय की सरकार के आर्ट एंड कल्चरल के कमिश्नर सेक्रेटरी श्री. फेडरिक रॉय खरकोंगर, भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ डेवलपमेंट ऑफ नॉर्थ ईस्टर्न रीजन के सेक्रेटरी श्री लोक रंजन को रिप्रेजेंट करने वाली डॉ. रितु रंजन आदि शामिल थे।

## विश्व में भारत के बढ़ते मान से हर कोई गौरवांवितः डा. नीना

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़। भाजपा महिला मोर्चा** की झज्जर जिलाध्यक्ष एवं नगर पार्षद एडवोकेट डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि दिल्ली में हुए जी20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन से विश्व में भारत का गौरव और बढ़ा है। इस समिट में दुनियाभर की महाशक्तियों ने शिरकत की। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्पित प्रयास से भारत को जी20 सम्मेलन की अध्यक्षता करने का गौरव प्राप्त हुआ। भारत की आर्थिक मजबूती के लिए यह समिट काफी मददगार रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शिखर सम्मेलन में आये सभी देशों के प्रतिनिधियों ने एक साथ कई अहम फैसलों को लेकर सहमति भी जताई। दुनियाभर में हमारे देश का मान सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ाने का कार्य किया है। एडवोकेट डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर हो रहा है।

## नपा चेयरमैन को सफाईकर्मियों ने किया सम्मानित
### विधायक निर्मल चौधरी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। सफाई कर्मचारियों** ने नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर चेयरमैन अरूण त्यागी के सम्मान में लहरी सिंह पार्क में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विधायक निर्मल चौधरी बतौर मुख्यातिथि पहुंची। इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों ने विधायक निर्मल चौधरी व चेयरमैन अरूण त्यागी को बड़ी फूलमाला पहना कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सफाई कर्मियों का योगदान रहता है। सफाई कर्मी हर परिस्थिति में शहर की सेवा में जुटे रहते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि सभी सफाईकर्मी चेयरमैन व वार्ड पार्षदों के निर्देशानुसार इमानदारी से काम करें। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कौशल रोजगार योजना के तहत कर्मचारियों को नौकरी दी और ठेकेदारी प्रथा को समाप्त किया है। जिससे अब कच्चे कर्मचारियों के भर्ती में कोई धांधली नहीं होती। अरूण त्यागी ने कहा कि एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों की हर सुविधा प्रदान देने का प्रयास किया है। उनका कई वर्षों पुराना पीएफ भी उनके खातों में डाला है। आगे भी सफाई कर्मचारियों के हित में कोई कसर नहीं छोड़ंगे। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से अपना काम ईमानदारी से करने की नसीहत दी। इस मौके पर रामकुमार धनखड़, राजेंद्र त्यागी, भूषण हसीजा, भोपाल रापरिया, पूर्व पार्षद हरीश मदान, नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रधान मुकेश, कोषाध्यक्ष राजेंद्र, भाजपा अनुसूचित जाति के ब्लकाध्यक्ष बोबी अठवाल सहित पार्षदगण मौजूद रहे।
- सफाई कर्मियों ने रखी मांगे
कर्मचारियों ने विधायक से उन्हें 100-100 गज का प्लाट अलाट करवाने, समान काम समान वेतन लागू करने, एलटीसी की सुविधा दिलवाने, वर्दी या भत्ता प्रदान करवाने, 11 महीने से रूका हुा साबुन व तेल दिलवाने, 10 महीने का पीएफ डलवाने की मांग की। इस पर विधायक ने उनकी सभी जायज मांगो को पुरा करवाने का आश्वासन दिया।

# आयुष्मान भवः अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा राष्ट्रव्यापी सेवा पखवाड़ा

## अभियान की तैयारी को लेकर एसीएस हेल्थ डा जी अनुपमा ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, राष्ट्रपति 13 सितंबर को करेंगी आयुष्मान भवः अभियान की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**स्वास्थ्य विभाग** की अतिरिक्त मुख्य सचिव जी. अनुपमा ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व जिला उपायुक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 13 सितम्बर को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आयुष्मान भवः कैम्पेन का शुभारम्भ करेंगी और 17 सितम्बर से पूरे देश में इस कैम्पेन की शुरूआत हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य लोगों के स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाते हुए उनका वितरण करवाना, स्वास्थ्य के द्दष्टिगत लोगों की आयुष्मान भारत आईडी बनवाना, गैर

**शुभारंभ**

**बुधवार 13 सितम्बर को लघु सचिवालय स्थित द्वितीय तल सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा**

संचारी रोग के तहत जांच करना, मापदंड के अनुसार टी.बी. के रोगियों की पहचान करना व टी.बी. ग्रस्त मरीजों का इलाज करवाना इत्यादि शामिल हैं।
उन्होंने कहा कि इस कैम्पेन के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर लोगों की सहभागिता के साथ सभी का सहयोग



बेहद जरूरी है। कैम्पेन के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत सभी सरकारी अस्पतालों, पीएचसी, सीएचसी में स्वच्छता के बारे लोगों को जागरूक किया जाएगा व वहां पर स्वच्छता रूपी कार्य किये जाएंगे। पेड़-पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण बारे भी प्रेरित किया जाएगा। इसी प्रकार रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें गैर सरकारी संस्थाओं का भी सहयोग लेते हुए सभी को रक्तदान के लिये प्रेरित करने का काम किया जाएगा। इसके साथ-साथ अंगदान महादान बारे भी जागरूक किया जाएगा, जिसमें सम्बन्धित विभाग आमजन को जागरूक करने का काम करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि आयुष्मान भवः कैम्पेन के तहत जिन व्यक्तियों के आयुष्मान/चिरायु कार्ड बने हुए हैं, उनको वितरित करने का काम किया जाएगा और साथ ही साथ जिन व्यक्तियों के आयुष्मान/चिरायु कार्ड बनने हैं, उनको भी बनाने का काम किया जाएगा।
कैम्पेन के तहत हर सप्ताह आयुष्मान मेलों का आयोजन किया जाएगा। यह मेले हैल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर लगेंगे, जिसमें सभी विभाग अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विभागों में शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज, स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभाग शामिल रहेंगे। इन मेलों के दौरान लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी, वहीं गैर संचारी रोग के तहत स्वास्थ्य की जांच करते हुए लोगों को निशुल्क दवाईयां भी वितरित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि दो अक्तूबर को ग्राम स्तर पर आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें इस अभियान के तहत जो गतिविधियां की गई है, उस बारे लोगों को जानकारी दी जाएगी तथा स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई जाएगी।
वीडियो कांफ्रेंस के उपरान्त सीटीएम राजेश सोनी ने 13 सितम्बर से शुरू होने वाले आयुष्मानभव कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर बुधवार 13 सितम्बर को लघु सचिवालय स्थित द्वितीय तल सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# सावन पार्क में रामलीला के लिए हुआ भूमि पूजन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के सावन पार्क इलाके के रामलीला पार्क में धार्मिक एकता मंच के द्वारा प्रभु श्रीराम की लीला के लिए भूमि पूजन का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधिवत् तरीके से पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गुप्ता, पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता, वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, पूर्व निगम पार्षद विकास गोयल के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर आये हुए गणमान्य लोगों का पूर्व निगम पार्षद व धार्मिक एकता मंच के प्रधान सरदार मान सिंह ने स्वागत किया। इस दौरान रामलीला के कुछ प्रमुख प्रसंगों पर मंचन भी किया गया। इस अवसर पर धार्मिक एकता मंच के प्रधान सरदार मान सिंह, अमित डायरेक्टर, अश्वनी, उत्तम सिंह, हरिकिशन शर्मा, केवल कोहली, अजय, अमन, अजय सांई, संदीप कोली, राहुल स्वामी, पंकज स्वामी, हिमांशु, कृष, हर्षि पसन, मनोज, गोलू, राजा, अंकित, लाल सिंह, दिनेश राजौरा, आनन्द, बलदेव,



दीपक नोडी, प्रतिष्ठा, शंकुन्तला, पवन कोली, पंकज स्वामी, वीर सिंह जैन, धीरेन्द्र गोयल, सुबोध, एचसी यादव, संदीप गुप्ता, विक्रम सिंह जैन, राम स्वरूप, किशन लाल, राजू, अजय, हिमांशु, राहुल प्रजापत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर आये हुए गणमान्य लोगों ने कहा कि सभी को मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। जो व्यक्ति सत्य के साथ चलता है, उसको हमेशा ही सफलता मिलती है, इसलिए सभी सत्य के साथ चले और दूसरों को भी सत्य के साथ चलने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर प्रधान सरदार मान सिंह ने कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का धन्यवाद किया।





# सैय्यद नांगलोई में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जन्माष्टमी महापर्व** के शुभ अवसर पर नांगलोई विधानसभा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतवर्षीय यादव महासंघ दिल्ली प्रदेश और जागृति परिवार के संयुक्त तत्वाधान में कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**भक्ति में भाव-विभोर हुए श्रद्वालुः आपकी** जानकारी के लिए बतादें कि इस आयोजन में लगभग 25 हजार श्रद्धालुओं ने नंद गोपाल को झूला झुलाया और कार्यक्रम के उपरांत दही हांडी के अंत तक वहां पर बने रहे। भक्तजनों के श्रद्धाभाव ने ऐसा भक्तिमय माहौल उत्पन्न कर दिया कि पूरा वृंदावन मानों सैय्यद नांगलोई के इस भव्य आयोजन में उतर आया हो। नंदगोपाल के जन्मोत्सव पर पूरा क्षेत्र मथुरा में परिवर्तित हो गया था। प्रत्येक बालक कृष्ण और प्रत्येक बालिका राधा दिखाई दे रही थी, वहीं इस दौरान कई वरिष्ठ राजनेताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**एसीपी सहित कई दिग्गजों ने दर्ज करवाई उपस्थितिः जिसमें** से भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष विनय रावत, प्रदेश मंत्री नरेश ऐरन, महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री वैशाली पौद्दार, बाहरी जिला के अध्यक्ष राम सियाशरण,जिला प्रभारी सत्येंद्र सिंह, सह प्रभारी डा.योगेश अत्रे, केशव पुरम जिला प्रभारी मनोज शौकीन, वाड़ 48 की निगम पार्षद मोनिका गोयल, निगम पार्षद पूनम सुरेंद्र सैनी और भाजपा के कई पदाधिकारी आयोजन में शामिल हुए। इसके अतिरिक्त आम आदमी पार्टी से वार्ड़-45 से निगम पार्षद संतोष पप्पु छिलवाल, पूर्व निगम प्रत्याशी सन्नी खेरा और कांग्रेस नेता एवं निगम पार्षद मनदीप शौकीन सहित कई गणमान्य अतिथि भी शामिल हुए। आरएसएस पश्चिमी विभाग के कार्यवाह रूद्रपाल ने सभी को अपना आशिर्वाद दिया।
तो वहीं पश्चिम विहार के एसीपी मनु हिंमाशु की विशेष उपस्थिति रही।

# त्रीनगरः आप विधायक से नाराज क्षेत्र की जनताः जयपाल भड़ाना

## विकास कार्य में विधायक फंड का एक रूपया भी नहीं किया खर्च

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहां एक** ओर तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली को पेरिस बनाने का सपना संजोए बैठे हैं और दिल्ली में चहुंमुखी विकास की बात कर रहें हैं, वहीं दूसरी ओर त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य करवाने के नाम पर केवल बजट ही पास करवा गया हैं जो कि क्षेत्र में लगाने की बजाए क्षेत्र की विधायक साहिबा प्रीति तोमर ने गोलमाल कर दिया है।
ऐसा कहना हैं त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड में नंबर-61 से भाजपा के मंड़ल महामंत्री जयपाल भड़ाना का। वहीं जयपाल भड़ाना का यह भी



कहना है कि वार्ड 61-62 के एल ब्लॉक स्थित दोनों ओर की सड़क के बीच में डिवाईडर बनाया गया था जिसके बीच ग्रीनरी करने के लिए पेड़-पौधे लगाने थे, जिसके लिए दिल्ली सरकार के संबंधित विभाग द्वारा बजट भी पास किया गया था, बावजूद इसके ग्रीनरी तो दूर की बात हैं, वर्तमान में डिवाईड़र में कूड़े का ढ़ेर ही नजर आता हैं।

**सड़को पर गड्ढे हैं, या गड्ढों में सड़कः** इतना ही नहीं विधायक के कार्यालय के आसपास भी क्षेत्र का बुरा हाल हैं, स्थिति तो ऐसी हैं कि यही नहीं पता चलता हैं सड़को में गड्ढा हैं या फिर गड्ढे में सड़क हैं।
वहीं सालों से सफाई न होने के चलते सीवर भी पूरी तरह से चोक हुआ पड़ा हैं, जिसके चलते गटर का गंदा पानी सीवर से ओवर-फ्लो होकर गलियों व रोड़ पर भर जाता हैं, जिसकी वजह से लोगों को रोजाना परेशानियों से दो-चार तो होना ही पड़ता हैं, बल्कि बीमारी फैंलने का भी संकट मंडराने लगा हैं।
वहीं आगे भड़ाना ने यह भी बताया है कि जब से प्रीति तोमर विधायक बनी हैं तभी से वह क्षेत्र से नदारद चल रहीं हैं। विधायक ने क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य नहीं करवाया हैं, बस उनके पति जितेंद्र तोमर कभी-कभी भूले-भटके क्षेत्र में नजर आते हैं, वह भी अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिलकर चले जाते हैं।
विधायक फंड़ से क्षेत्र में कोई काम नहीं हुआ है, बल्कि हर्षवर्धन के सांसद फंड़ से क्षेत्र में कार्य किए गए हैं।

# दिशा डांस अकेडमी में मनाया गया जन्माष्टमी उत्सव





**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के आदर्श नगर स्थित दिशा डांस अकेडमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरी अकेडमी वेस्टन कल्चर को छोड़ भारतीय संस्कृति में डूबी हुई दिखी। आपको बतादें कि दिशा डांस अकेडमी के संस्थापक राहुल राजपुरोहित के द्वारा जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन किया गया। जहां सभी ने भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए सामूहिक रूप से कीर्तन किया और बच्चों ने जन्माष्टमी उत्सव पर सुन्दर-सुन्दर प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग और गढ़वाल बेकर के मालिक एवं आदर्श रसोई के वाईस चेयरमैन रामलाल उनियाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का राहुल राजपुरोहित ने स्वागत किया।

# त्रीनगर: पानी से जलमग्न हुआ कोहाट वार्ड का पार्क, निगम नहीं दे रहा साफ-सफाई पर ध्यान









**टीम एक्शन इंड़िया/ नई दिल्ली**
**त्रिनगर विधानसभा** क्षेत्र के कोहाट वाड़ (वार्ड नंबर-61) के अंतर्गत आने वाले के ब्लॉक शकूरपुर आनंदवास में निगम द्वारा सालों पहले अनुमानित करोड़ों रूपए की लागत से बनाया गया संत शिरोमणी दुर्बल नाथ पार्क निगम की देख-रेख के अभाव के चलते बदहाली की भेंट चढ़ गया। वर्तमान में पार्क की ऐसी स्थिति हैं, जिसमें सैर-सपाटा तो दूर की बात हैं, स्थानीय लोग पार्क की ओर रूख करना ही पसंद ही नहीं करते हैं।

**चारों ओर भरा हैं पानी, और बंधे हैं पशुः उल्लेखनीए** हैं कि पार्क में रख-रखाव के अभाव के चलते पूरे पार्क में महीनों से बारिश का पानी भरा हुआ हैं, जिसके चलते चारों ओर पानी के साथ-साथ काईयां भी तैरती नजर आएगी। वहीं पार्क में चौकीदार और निगम कर्मियों का ना आने का फायदा यहां के स्थानीय लोग भी खूब उठा रहें हैं, क्योंकि लोगों ने पार्क में अपने पशु बांध रखे हैं, तो कहीं पर अन्य जानवर विचरन कर रहें हैं, बावजूद इसके स्थानीय निगम पार्षद रवि (अजय)हंस व निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं हैं।

**पार्क की टूटी है दीवारेंः उल्लेखनीए हैं** कि पार्क की दीवारे टूटी पड़ी हुई हैं। उसमें कूड़े और पानी के अलावा कुछ दिखाई नहीं देता है। पार्क में जगह-जगह कूड़े के खत्ते बन गए हैं, पार्क में न माली है और न चौकीदार हैं। ऐसे में पार्क उजड़ रहा हैं। वहीं रोशनी कम होने के चलते शाम ढ़लते ही असामाजिक तत्व बैठकर शराब पीते हैं व जुआ खेलते हैं।

**पार्क में लोगों ने की चहल कदमी बंदः गंदगी** को देखकर आसपास के लोगों ने अब पार्क में आना ही छोड़ दिया हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पार्कों की सफाई को लेकर निगम अधिकारी जरा भी गंभीर नहीं हैं। गंदगी से पार्क पूरी तरह से बदहाल हो गया है और निगम में शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# भाजपा फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के अल्पकालीन विस्तारकों का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के 450 कार्यकर्ताओं का अल्पकालीन विस्तारकों के रूप में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आज मथुरा रोड सीकरी स्थित बैंकेट हाल में संपन्न हुआ । कल उद्घाटन सत्र में पार्टी के प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया । दिन में विभिन्न सत्रों में लाभार्थी सम्पर्क, राजनैतिक व सामाजिक परिवेश, 17 सितम्बर मोदी जी के जन्मदिवस से शुरू होकर ह्लसेवा पखवाडाह्व के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रम, अल्पकालीन विस्तारकों के व्यवहार, कार्यकताओं से विचार - विमर्श, सोशल मिडिया का उपयोग व अन्य विभिन्न विषयों



पर प्रदेश के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, पलवल विधायक दीपक मंगला, फरीदाबाद जिला प्रभारी मनीष यादव, जिला प्रभारी पलवल दिनेश घिलौड़, भाजपा फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, पलवल जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया व जिला आईटी संयोजक अमित मिश्रा ने अल्पकालीन विस्तारकों का मार्गदर्शन किया । इस वर्ग में फरीदाबाद व पलवल जिलों के भाजपा मंडल पालक, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष व अन्य कार्यकताओं ने अल्पकालीन विस्तारक के रूप में वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त किया । आज समापन सत्र में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने अल्पकालीन विस्तारकों के करणीय कार्य व प्रशिक्षण वर्ग के महत्त्व पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि देश का नाम भारत था, भारत है और भारत ही रहेगा, भारत नाम से ही अपने देश की पहचान है । अल्पकालीन विस्तारक योजना में सभी विस्तारक बूथ स्तर पर प्रत्येक परिवार तक पार्टी की रीती निति, केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों से जन - जन को अवगत करा कर उनका सहयोग और समर्थन प्राप्त करना है । केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण कार्यकताओं के समक्ष रखा तथा पिछले 9 साल में समाज के हर वर्ग के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा बनाई गई सर्वजन हिताय योजनाओं का उल्लेख किया । उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे विश्व में प्रत्येक भारतीय का सर गर्व से ऊँचा किया है ।

अल्पकालीन विस्तारक बूथ स्तर पर जाकर संगठनात्मक कार्य करें, समाज के सभी वर्गों से सम्पर्क कर पार्टी को मजबूत करें इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा, नरेन्द्र गुप्ता, प्रवीण चौधरी, जगदीश नायर, देवेन्द्र चौधरी, मनमोहन गर्ग, सोहनपाल सिंह, ओमप्रकाश रक्षवाल, बलदेव अलावलपुर, हरेन्द्र राणा, पूर्व विधायक सुभाष कत्याल व पूर्व विधायक टेकचन्द शर्मा, जिला विस्तारक मनजीत जांगड़ा, कर्मवीर यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

# विभागों द्वारा करवाए जाने वाले कार्यो में मनरेगा स्कीम करें शामिलः सीईओ जिला परिषद आशिमा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने कहा कि सभी विभागों द्वारा करवाए जाने वाले कार्यों में मनरेगा स्कीम शामिल करें तथा सभी कार्यों को समयानुसार गुणवत्ता के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें। विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बैठक कर विभिन्न विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल करके ही अमलीजामा पहनाना सुनिश्चित करें। सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान की अध्यक्षता में आज सोमवार को मनरेगा के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने निर्देश दिए कि सभी विभागों द्वारा करवाए जाने वाले कार्यो में मनरेगा स्कीम



को सम्मिलित किया जाए तथा नए कार्यो में मजदूरी का घटक मनरेगा श्रमिको से करवायें। ताकि मनरेगा मजदूरो को रोजगाार मिल सके। इसके अलावा सीईओ जिला परिषद श्रीमती सांगवान ने निर्देश दिए है कि सभी विभाग मनरेगा कन्वर्जेन्स के साथ करवाए जाने वाले कार्यो की सूची 10 दिन के अन्दर सीईओ जिला परिषद कार्यालय में भिजवायें। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी सुश्री श्रुती , खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी अजीत सिंह, उपमण्डल अभियंता पंचायती राज हरेन्द्र सिंह, जिला खेल अधिकारी देवेन्द्र सिंह, उपमण्डल अभियंता सिचाई विभाग अरविन्द शर्मा, डिप्टी डीईच सतीश चन्द्र, वन विभाग से संदीप कुमार, उपमण्डल अभियंता मार्किटिंग बोर्ड सुनील कुमार, उपमण्डल अभियंता जन स्वास्थ अभियान्त्रिकी विभाग मोहम्मद असलम व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएवी शताब्दी महाविद्यालय, फरीदाबाद में विज्ञान विभाग के छात्रों का औद्योगिक दौरा आयोजित।



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डीएवी शताब्दी महाविद्यालय, फरीदाबाद में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा प्रायोजित विज्ञान के छात्रों के लिए अल्पाइन फुटवियर कंपनी का एक औद्योगिक दौरा आयोजित किया गया था। दौरे का उद्देश्य छात्रों को फुटवियर निर्माण उद्योग में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करना और उत्पाद की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में मानकों के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। औद्योगिक दौरे ने छात्रों को कई मूल्यवान अनुभव प्रदान किए। वास्तविक दुनिया के वातावरण में सैद्धांतिक ज्ञान के व्यावहारिक अनुप्रयोग को समझा।जूता निर्माण में शामिल जटिल प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करी।ग्राहकों की संतुष्टि और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण और मानकों के पालन के महत्व को पहचाना। उद्योग मानकों की स्थापना और रखरखाव में बीआईएस जैसे संगठनों की भूमिका के बारे में सीखा। बीआईएस द्वारा प्रायोजित अल्पाइन फुटवियर कंपनी की औद्योगिक यात्रा विज्ञान के छात्रों के लिए एक जानकारीपूर्ण और समृद्ध अनुभव साबित हुई। जूता निर्माण प्रक्रिया को देखकर और मानकों के महत्व को समझकर, छात्र कक्षा में सीखने और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच के अंतर को समझ सके। इस दौरे ने निस्संदेह उद्योग संचालन की उनकी समग्र समझ और गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका में योगदान दिया सुश्री सुजाता,एचओडी, रसायन विज्ञान और श्री तालेश्वर के साथ 41 छात्रों ने उद्योग का दौरा किया और श्री पंकज द्वारा समन्वयित किया गया।

### हिसार : बिना वैकल्पिक पुल बनाए तोड़ डाला लालपुरा का पुल, ग्रामीण हो रहे परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हांसी के नजदीकी गांव लालपुरा के ग्रामीणों ने वैकल्पिक पुल बनाए बिना गांव के अंदर जाने वाला पुल तोड़ दिए जाने पर रोषा जताया है। ग्रामीणों ने नारेबाजी करके संबंधित विभाग व ठेकेदार से तुरंत प्रभाव से वैकल्पिक पुल बनाने की मांग की है।

गांव निवासी मनोज राठी एवं अन्य ने सोमवार को बताया कि लालपुरा में बिना वैकल्पिक पुल बनाए गांव के अंदर जाने वाला पुल तोड़ दिया गया है। इस पुल के पास से गांव में जाने वाली पीने के पानी की पाइप लाइन भी टूट गई, जिससे गांव में पानी का बड़ा संकट हो गया है। गांव में इस समय पशुओं के पानी पीने के लिए कोई तालाब भी नहीं है, इसलिए पशु इसी पाइप लाइन से जाने वाले पानी पर निर्भर थे। उन्होंने कहा कि गांव के बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी हो रही है, स्कूल ढाणी कुतुबपुर में है और पुल टूटने के कारण बच्चे स्कूल में नहीं जा पा रहे हैं वहीं गांव में अगर किसी को बाहर जाना है तो या तो खेतों से होकर आओ या फिर दूसरे रास्ते से घूम कर आना पड़ता है। यह पुल टूटने से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है।

पुल के पास एकत्रित होकर नारेबाजी कर रहे ग्रामीणों व मनोज राठी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से सवाल किया कि आखिर ऐसा क्यों किया गया है। मनोज राठी ने कहा कि उनका पैतृक गांव लालपुरा है और मेरे द्वारा उठाई जा रही जनता की आवाज को दबाने के लिए ग्रामीणों को परेशन किया जा रहा है। इसी के चलते विधायक विनोद भ्याणा के इशारे पर जान बूझकर वैकल्पिक पुल बनाए बिना गांव का पुल तोड़ा गया है। पुल के ऊपर से जो पानी की पाइप लाइन थी वह भी टूट गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में वो सरकार है जो सवाल पूछने वालों के साथ ऐसा दुर्व्यवहार करती है। जिस प्रकार महिला ने सवाल पूछा तो सीएम उसको चंद्रयान 4 पर बिठाकर भेजने की बात कही वहीं हमने सवाल पूछा तो हमारे गांव के पुल को तोड़कर दो गांव के लोगों को परेशान कर दिया।

# युवती को अश्लील फोटो व मैसेज भेजने के जुर्म में तीन साल की कैद

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
एडीजे डा. चंद्रहास की अदालत ने सोमवार को युवती के वहाट्सअप पर अश्लील फोटो डालने तथा अश्लील संदेश भेजने के जुर्म में दोषी को तीन साल का कारावास तथा एक लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना न भरने पर दोषी को तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। इसके अलावा पीड़िता को 75 हजार रुपये आर्थिक सहायता भी देने के आदेश दिए गए हैं। पटियाला चौक इलाके की एक युवती ने आठ दिसंबर 2021 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि पिछले एक माह से गांव सुरबुरा निवासी राजेश उसके व्हाटसअप पर अश्लील फोटो अश्लील मैसेज भेज रहा है।

# राष्ट्रपति मुर्मू 13 सितंबर को 'आयुष्मान भव:' अभियान का करेंगी शुभारंभ: अनुपमा

**आयुष्मान भवः योजना**

**17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 13 सितंबर को आयुष्मान भवः योजना का वर्चुअल शुभारंभ करेंगी। अभियान के तहत आगामी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक देशभर के साथ ही प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेशभर में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को



लेकर आज एसीएस डी जी अनुपमा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों के साथ के साथ चर्चा की। एसीएस डी जी अनुपमा ने अभियान को सफल बनाने के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों को विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाई जाएगी, जबकि आयुष्मान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में साप्ताहिक आयुष्मान मेले आयोजित किए जाएंगे। साथ ही ग्राम पंचायत और शहरी वार्डों में आयुष्मान सभा का आयोजन कर गैर संचारी रोगों की जांच के साथ ही लोगों को स्वास्थ्य की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

इसके तहत सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान सभा, आयुष्मान ग्राम पंचायत, आयुष्मान अर्बन समेत तमाम कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान आपके द्वार का आयोजन होगा जिसके तहत आयुष्मान मेला संचालित किया जाएगा। इसमें आयुष्मान पात्र कार्ड बनाए व वितरित किए जाएंगे। जिसके लिए आशा वर्कर, स्वयं सहायता समूह आदि की मदद भी ली जाएगी। आयुष्मान मेला, साप्ताहिक हेल्थ एवं वेलनेस मेला, साप्ताहिक सीएचसी मेला, आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। दो अक्टूबर से आयुष्मान सभा होगी। आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अंगदान को लेकर करेंगे जागरूक किया जाएगा। स्वैच्छिक रक्तदान की जरूरत के बारे में भी आमजन को बताया जाएगा। रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। सभी ब्लॉक स्तरीय अस्पताल और मेडिकल कॉलेज अपने परिसर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेंगे।

# पंजाब अग्रवाल समाज फरीदाबाद के चौथी बार प्रधान बने रान्ति देव गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। पंजाब अग्रवाल समाज फरीदाबाद की आम सभा (एजीएम) राजस्थान भवन के सभागार में सम्पन हुई। समाज के वरिष्ठ संरक्षक शिव शरण गोयल, प्रेम चंद गोयल, पवन गर्ग व सुरेश बंसल (टीपू) के सानिध्य में तथा अध्यक्ष रान्ति देव गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। महासचिव अमर बंसल छडिया ने सभा का संचालन करते हुए सभी का स्वागत किया साथ ही सचिव रिपोर्ट के माध्यम से संस्था की गत 2 वर्ष की गतिविधियों/कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साँझा की। वित्त



सचिव राजेन्द्र कुमार गर्ग ने संस्था का गत 2 वर्ष का आर्थिक लेखा जोखा एवं वित्तीय स्थिति से अवगत कराया। समाज द्वारा अभी तक आयोजित किये कार्यक्रमों में अपना आर्थिक सहयोग देने वाले दानी सज्जनों का उल्लेख कर आभार प्रकट किया। सभा ने सर्वसम्मति से रान्ति देव गुप्ता को अध्यक्ष, बनवारी लाल गर्ग को महासचिव व राजिन्दर गर्ग को वित्त सचिव पुनः 2 वर्ष के लिए नियुक्त किया। अंत में अध्यक्ष रान्ति देव गुप्ता ने मंचासीन वरिष्ठ सदस्यों एवं उपस्थित सभी सदस्यों के साथ साथ अपनी टीम पंजाब का धन्यवाद किया।

# जींद: चेक किए 2406 वाहनों में से 127 वाहनों के काटे चालान

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
सोमवार को जिला पुलिस द्वारा सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी करके वाहनों की जांच की गई। सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक चलाए गए सीलिंग प्लान के तहत जिला में विभिन्न स्थानों पर विशेष नाकाबंदी करके वाहनों की गहनता से जांच की गई। इस सीलिंग प्लान के दौरान नाकाबंदी करके कुल 2406 वाहनों को चेक किया गया तथा बिना हेलमेट के 20, बिना सीट बेल्ट का चार, ट्रिप्पल राइडिंग के छह, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के एक बिना आरसी के एक, नो पार्किंग के व यातायात के अन्य नियमों का उल्लंघन करने पर 127 वाहनों के चालान काटे गए।

# पोषण माह-2023 के अंतर्गत सेहतपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को किया जागरूक: डीसी विक्रम सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।
उपायुक्त श्री विक्रम सिंह के आदेशानुसार आज सोमवार को सेहतपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग फरीदाबाद द्वारा चलाए जा रहे पोषण माह के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य कविता, अध्यापक मीनाक्षी, मनोज कुमार और पूजा भल्ला, एरिया सुपरवाइजर मोनिका तथा आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में बच्चों को पोषण आहार लेने की शपथ दिलाई गई तथा सुपरवाइजर द्वारा सभी बच्चों को पौष्टिक अनाज के फायदे बताए गए व मोटे अनाज का सेवन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने बच्चों को फास्ट फूड तथा कोल्ड ड्रिंक से दूर रहने तथा फास्ट फूड सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया। इसी मौके पर सरकारी स्कूल में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें की स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर

**शपथ**

**कार्यक्रम में बच्चों को पौष्टिक आहार के सेवन के लिए शपथ भी दिलवाई गयी**

भाग लिया।

- क्या है पोषण अभियानः-
पोषण अभियान के अंतर्गत हर साल सितंबर के महीने में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाता है। इसमें प्रसवपूर्व देखभाल, इष्टतम स्तनपान, एनीमिया, विकास निगरानी, लड़कियों की शिक्षा, आहार, शादी की सही उम्र, स्वच्छता और स्वस्थ भोजन (खाद्य पोषण) पर केंद्रित एक महीने की गतिविधियाँ शामिल है। अभियान का मुख्य उद्देश्य अल्प-पोषण के स्तर को कम करना और देश में बच्चों की पोषण स्थिति को बढ़ाना है। पोषण अभियान किशोरों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करने के लिए भारत की प्रमुख योजना है।

# बीएलओ एक सप्ताह में पूरा करें हाऊस-टू-हाऊस सर्वेः विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने आज सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सभी निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों व निर्वाचन विभाग के कर्मचारियों के साथ आने वाले पुनरीक्षण कार्यक्रम व हाऊस टू हाऊस सर्वे के सन्दर्भ में बैठक की। उन्होंने बैठक में सभी अधिकारिओं व कर्मचारिओं को निर्देश देते हुए कहा कि हाऊस टू हाऊस सर्वे एक सप्ताह में पूर्ण करवाया जाये व पुररीक्षण से पूर्व पुनः सभी बीएलओ/सुपरवाईजर की ट्रेनिंग भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी फार्म का निपटारा नियमानुसार तय



समय में सुनिश्चित करेंगे। साथ ही विशेष जागरूक अभियान चला कर पात्र वंचित भावी, युवाओं को मतदाता सूची से जोडने का प्रयास करें, सभी कालेजों में विशेष कैम्प का आयोजन किया जाए। उन्होंने आदेश दिए कि जिस मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है उनका रैशनलाईजशन का प्रस्ताव भिजवाए ताकि राजनीतिक से विचार विमर्श उपरांत सीईओ हरयाणा को भेजा जा सके। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला फरीदाबाद की पृथला विधानसभा से कुल 218028 वोटों में से 116599 पुरुष, 101420 महिलाएं और 9 तृतीय लिंग के वोटर हैं।

फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा के कुल 289244 वोटों में से 161392 पुरुष 127840 महिलाएं 12 तृतीय लिंग के वोटर हैं। बदखल विधानसभा से कुल 307063 वोटों में से 166639 पुरुष, 140405 महिलाएं व 19 तृतीय लिंग हैं।

बल्लभगढ़ विधानसभा से कुल 257156 वोटों में से 143060 पुरुष 114089 महिलाएं व 7 तृतीय लिंग हैं। फरीदाबाद विधानसभा से कुल 253893 वोटों में से 136946 पुरुष, 116936 महिलाएं व 11 तृतीय लिंग हैं।

# केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और मूलचंद शर्मा ने दी बल्लभगढ़ क्षेत्र को दी ढाई करोड रुपए की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। 11 सितम्बर (हरपाल सिंह यादव )। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर और प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने आज सोमवार को बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र को 2 करोड 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाली दो सड़कों के कार्य का शिलान्यास किया। जहां स्थानीय निवासियों ने मंत्रियों का जोरदार स्वागत किया।

### जाजरु और मलेरना रोड का होगा पुनर्निमाण

पीडब्ल्यूडी बी एण्ड आर विभाग द्वारा दोनो सड़के गांव जाजरू और मलेरना जाने वाली सड़कों के पुनर्निमाण का कार्य स्थानीय लोगो के हाथ नारियल

**शिलान्यास**

**दोनों सड़कों के कार्य का किया शिलान्यास जाजरु और मलेरना रोड का होगा पुनर्निमाण**

तुड़वाकर शुभारंभ किया। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर और परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने विकास कार्यों का पूर्ण विधि और विधान के अनुसार शुभ मुहूर्त भी करवाया। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व स्तर पर अलग पहचान मिल रही है। उन्होंने जी-20 पर बोलते हुए कहा कि भारत को विश्व



पटल पर मजबूत आर्थिक स्थिति के रूप में पहचान मिल रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि बारिश के मौसम के बाद अब सड़कों के पुनर्निर्माण के कार्य शुरू हो चुके हैं।जल्दी पूरे इलाके की सभी सड़के बनना शुरू होगी। उन्होंने कहा कि आज बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में दोनों सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। यह दोनों सड़के जल्द ही बनकर तैयार हो जायेगी। जिससे आम जनता का आवागमन सुगम हो जाएगा। उन्होंने बताया कि करीब 2 करोड 50 लाख रुपए की लागत से यह दोनों सड़के बनेगी। प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में आज चारों तरफ चहुमुखी विकास कार्य तेज गति से करवाए जा रहे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए खजाने के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की यह दोनों सड़के जर्जर हालत में थी। जिसमें जाजरू गांव को जाने वाली सड़क का कार्य आरएमसी से कराया जाएगा। वही बल्लभगढ़ से मलेरणा गांव जाने वाली काली सड़क का निर्माण कराया जाएगा। बता दें कि इनमें एक सड़क नेशनल हाईवे 19 से जाजरु तक जाती है और दूसरी सड़क बल्लबगढ़ से मलेरना तक जाती है। ये दोनो सड़के पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाई जायेगी। इसके बाद परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ शहर में बनाए जा रहे डिटोरियम का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां परिवहन मंत्री ने निरीक्षण करते हुए कहा कि यह निमार्णाधीन ऑडिटोरियम अगले 6 महीने में बनकर तैयार होगा। वहीं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को आने वाले 6 महीने में ऑडिटोरियम का कार्य को पूरा करने के दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता प्रदीप सिंधु सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने जानकारी दी कि यह ऑडिटोरियम नगर निगम द्वारा बनाया जाना था, लेकिन बीच में नगर निगम द्वारा कार्य को पूरा न कर पाने कारण इस कार्य का डिपोजिट वर्क कराया जा रहा है। जिसकी जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग को दी गई है। इस मौके पर टिपरचंद शर्मा, सतवीर डागर, दीपक डागर, सरपंच अजय डागर, बलवंत रावत, संजय डागर, आनंदपाल राठी, पूर्व पार्षद दयाचंद यादव, पारस जैन, लखन बेनीवाल, प्रताप भाटी, सीताराम अत्री, संदीप बहादुरपुर, सरपंच रविंद्र बांकुरा, रामकिशन तेवतिया, पूर्व पार्षद अवतार सारंग, आजाद सिंह छिकारा, जीतराम रावत, योगेश शर्मा, रविंद्र वैष्णव, भगवान सिंह फौजदार, मनोज गोयल सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2 एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 12 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

**फास्ट न्यूज**

## स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए: ब्रजेश

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
शिकागो की धर्मसंसद में स्वामी विवेकानंद द्वारा हिंदुत्व एवं भारतीय दर्शन पर दिये गये प्रथम भाषण की स्मृति में अमीनाबाद स्थित झण्डेवाला पार्क में सोमवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वन मंत्री अरुण सक्सेना व कार्यक्रम के आयोजक पूर्व नेता विधान परिषद विन्ध्यवासिनी कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर ब्रजेश पाठक ने स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए कहा कि उनके जीवन चारित्र से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रदेश सरकार के वन मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने सनातन संस्कृति का परचम पूरी दुनिया में स्थापित करने का काम किया। कार्यक्रम के आयोजक विन्ध्यवासिनी कुमार ने कहा कि जब पूरे विश्व में विदेशी संस्कृति का बोलबाला था, उस समय स्वामी विवेकानंद ने सनातन संस्कृति के दर्शन से विश्व को परिचित कराया। इस अवसर पर झण्डेवाला पार्क में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वन मंत्री अरुण सक्सेना व विन्ध्यवासिनी कुमार ने वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में जयति श्रीवास्तव, वरिष्ठ हाईकोर्ट अधिवक्ता गिरीश चंद्र सिन्हा, अधिवक्ता देवेश कुमार, अधिवक्ता विश्वेष कुमार, किशन लोधी, मनोज श्रीवास्तव, राजीव बाजपेयी, गिरीश गुप्ता, अमिताभ चक्रवर्ती, अधिवक्ता विकर्ष श्रीवास्तव, मयंक सिन्हा, गणेश राय, नरेन्द्र श्रीवास्तव, विनीत यादव, शैलू सोनकर, राकेश भार्गव, राजेश लोधी सहित उपस्थित अनेक गणमान्य लोगों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया।

## डेंगू का डंक- जिले में पांच नए केस आए सामने

**सोनीपत:** जिले में डेंगू का डंक खतरनाक होता जा रहा है। आए दिन जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। तेजी से बढ़ रही मरीजों की संख्या से स्वास्थ्य विभाग के होश उड़े हुए है। विभाग की तरफ से गठित टीमें संदिग्ध इलाकों में घर-घर जाकर क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने व जांच करने की प्रक्रिया अमल में ला रही है। महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानुपर व सोनीपत नागरिक अस्पताल में एक-एक मरीज को भर्ती किया गया है। विभाग की तरफ से संदिग्ध क्षेत्रों में लोगों को मच्छरदानी बांटी गई है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की तरफ से स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को जागरूक करने का अभियान शुरू किया है।

# प्रदेश के अंदर हर सड़क बनाएं बेहतर: योगी

**नई बनने वाली हर सड़क की 05 साल की हो गारंटी, सड़क खराब हुई तो निर्माता एजेंसी ही करे पुनर्निर्माण: मुख्यमंत्री, दीपावली से पहले अभियान चलाकर सड़कों को बनाएं गड्ढामुक्त**

**बैठक**

**जहां बरसात की स्थिति हो वहां, बोल्डर डालकर रोलर चलकर आवागमन सुगम किया जाए: सीएम योगी**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आगामी नवंबर में दीपावली से पहले प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मॉनसून की स्थिति असामान्य है। आने वाले दिनों में कई जिलों में लगातार बारिश की संभावना है। इसका ध्यान रखते हुए नवंबर में दीपावली से पूर्व प्रदेश व्यापी सड़क गड्ढामुक्ति का अभियान चलाया जाए। जहां बरसात की स्थिति हो वहां, बोल्डर डालकर रोलर चलकर आवागमन सुगम किया जाए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, मंडी परिषद, सिंचाई, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, आवास, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आदि विभागों की करीब 04 लाख किलोमीटर सड़कें प्रदेश में हैं। हर एक सड़क पर चलना आम आदमी के लिए सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। मेट्रो/एक्सप्रेस-वे जैसी बड़ी परियोजनाओं के कारण यदि पूर्व से संचालित सड़कें खराब होती हैं तो खराब होने के कारक विभाग को उत्तरदायी बनाया जाएगा। गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए सड़क बनाने वाली एजेंसी/ठेकेदार सड़क बनने के अगले 05 वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं।

**अभियंता निर्माण कार्य के 'बैकबोन':** अभियंताओं को निर्माण कार्य का 'बैकबोन' की संज्ञा देते हुए उन्होंने कहा कि कहीं भी अभियंताओं की कमी न हो, आवश्यकता पड़े तो आउटसोर्सिंग से भी तैनाती की जानी चाहिए। विभागीय मंत्रियों व अधिकारियों को फील्ड में रैंडम दौरा निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जवाबदेही तय करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज्ड किये जाने पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अभियंताओं की तैनाती केवल मेरिट के आधार पर ही किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि कहीं भी लोकहित से जुड़ी किसी परियोजना में माफिया/अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को स्थान न मिले। उनके करीबी रिश्तेदारों और गैंग के गुर्गों को भी ठेके-पट्टे से दूर रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गड्ढामुक्ति और नवनिर्माण के अभियान की जियो टैगिंग कराई जाए। इसे पीएम गतिशक्ति पोर्टल से जोड़ा जाना चाहिए, साथ ही इसी तर्ज पर अपना पोर्टल भी विकसित किया जाना चाहिए ताकि कार्य की गुणवत्ता की अनवरत मॉनीटरिंग की जा सके।

### जलभराव हो तो तत्काल कराएं निकासी

**नगर** विकास व ग्राम्य विकास विभाग को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात के कारण यदि कहीं जलभराव होता है तो तत्काल उसकी निकासी सुनिश्चित की जाए। विभागीय अधिकारी सड़कों पर मौजूद रहे। वहीं नगरों में आवारा श्वान की समस्या की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित एनिमल बर्थ कंट्रोल इकाइयों के शीघ्र क्रियान्वयन के अलावा अन्य उपयोगी प्रबंध करने के निर्देश भी दिए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से सोमवार को उनके सरकारी आवास पर भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान रोहित राजपाल व टीम के अन्य सदस्यों ने मुलाकात की।

## रक्षामंत्री ने बारिश और राहत कार्यों की जानकारी ली

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
भारत के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने राजधानी में हो रही मूसलाधार बारिश और जलभराव का संज्ञान लिया है। उन्होंने इस सम्बंध में जिलाधिकारी से बात कर तेजी से राहत व बचाव कार्य किए जाने के निर्देश दिए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सम्बंध में अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ट्वीट कर जानकारी दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि लखनऊ में भारी बारिश से कुछ इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा होने पर जिलाधिकारी से बात की है। उन्होंने मौजूदा हालात के बारे में विस्तृत जानकारी दी है और प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों से भी अवगत कराया है। प्रशासन द्वारा राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मैं सभी प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और उनके कुशल कामना करता हूं। उल्लेखनीय है कि रविवार बीती रात उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश हुई है।

# समुद्रयान मत्स्य 6000 की टेस्टिंग अगले साल

**छह हजार मीटर की गहराई में खनिजों का पता लगाएगा; भारत मानव पनडुब्बी बनाने वाला छठवां देश**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत अपने** पहले महासागर मिशन समुद्रयान के तहत मानवयुक्त पनडुब्बी को अगले साल यानी 2024 की शुरूआत में गहरे समुद्र में भेजेगा। मत्स्य 6000 नाम की इस पनडुब्बी की टेस्टिंग बंगाल की खाड़ी में की जाएगी। पहले ट्रायल में इसे समुद्र की 500 मीटर गहराई में भेजा जाएगा। 2026 तक ये तीन भारतीयों को महासागर में 6000 मीटर की गहराई में ले जाएगी। भारत छठवां देश है जिसने मानव पनडुब्बी बनाई है। इसके पहले अमेरिका, रूस, जापान, फ्रांस और चीन ने मानवयुक्त पनडुब्बी बना चुके हैं। वहीं, भारत सरकार इस मिशन के जरिए समुद्र तल से मोबाइल-लैपटॉप जैसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बनाने के लिए कोबाल्ट, निकल और सल्फाइड जैसी धातुएं और खनिज निकालने का प्रयास कर रही है।

**रिसर्च**

**2026 तक ये तीन भारतीयों को महासागर में 6000 मीटर की गहराई में ले जाएगी**

**टाइटेनियम एलॉय से बनी है मत्स्य 6000:** डायरेक्टर जी.ए. रामदास ने मत्स्य 6000 पनडुब्बी की खासियत बताते हुए कहा- ये 12-16 घंटे तक बिना रुके चल सकती है। इसमें 96 घंटे तक ऑक्सीजन सप्लाई रहेगी। इसका व्यास 2.1 मीटर है। इसमें तीन लोग बैठ सकते हैं। ये 80 एमएम के टाइटेनियम एलॉय से बनी है।

## भिवानी के बैंक ऑफ बड़ौदा में धमाके से मचा हडकंप

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
**भिवानी** में सोमवार को बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांच में एयर कंडीशनर में गैस भरते समय अचानक ब्लास्ट हो गया, जिसके कारण जोरदार धमाका हुआ। जिससे ना केवल बैंक में मौजूद कर्मचारी व नागरिक घबरा गए, बल्कि आस-पास के क्षेत्र में हडकंप मच गया। यही नहीं बैंक के अंदर धूआ ही धूआ फैल गया। साथ ही धमाके से बैंक कर्मी व उपभोक्ताओं में हडकंप मच गया। हादसे में एसी मैकेनिक भी घायल हो गया। ब्लास्ट की आवाज से बैंक के बाहर लोगों की भारी भीड़ लग गई। जानकारी अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा में एसी की सर्विस के लिए मैकेनिक को बुलाया गया था। बैंक के अंदर करीब 50 कर्मचारी व ग्राहक मौजूद थे।

**घबरा गए**

**यही नहीं बैंक के अंदर धूआ ही धूआ फैल गया। साथ ही धमाके से बैंक कर्मी व उपभोक्ताओं में हडकंप मच गया**

## उदयनिधि स्टालिन ने अब बीजेपी को जहरीला सांप बताया

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
**सनातन** धर्म पर विवादित कमेंट करने के बाद तमिलनाडु सीएम के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने विरोधी पार्टियों पर निशाना साधा है। उदयनिधि ने बीजेपी की तुलना जहरीले सांप से की। साथ ही उनके सहयोगी दल एआईडीएमके को कूड़े का ढेर कहा। उदयनिधि रविवार को कुड्डालोर जिले के नेवेली में डीएमके विधायक सभा राजेंद्रन की पारिवारिक शादी में शामिल हुए थे। यहां उन्होंने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, कचरे में से सांप हमारे घर में घुस जाता है। अगर हमें सांप को खत्म करना है, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई कचरा न हो। 2024 चुनाव में तमिलनाडु से भाजपा और अक्अउटङ को बाहर कर देना चाहिए।

**2 सितंबर को उदयनिधि ने सनातन की तुलना डेंगू-मलेरिया से की थी:** सनातन धर्म विवाद पर उदयनिधि ने कहा कि वह भविष्य में भी इसके खिलाफ बोलते रहेंगे। उन्होंने कहा, "तमिलनाडु में पिछले 100 सालों से सनातन धर्म के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। हम अगले 200 सालों तक भी इसके खिलाफ बोलना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि सनातन पर उनकी टिप्पणी नई नहीं है। उदयनिधि ने कहा, अतीत में कई मौकों पर, बी आर अंबेडकर, पेरियार (डीके संस्थापक ई वी रामासामी) और एम करुणानिधि (पूर्व डीएमके संरक्षक) ने इसके बारे में बात की थी।

# पुष्टाहार बना नौ हजार महिलाएं खुद की सुधार रहीं आर्थिक सेहत

**टीम एक्शन इंडिया/औरैया**
**आंगनबाड़ी केंद्र** के बच्चों को बेहतर पुष्टाहार मिले और महिलाओं को रोजगार मिल सके, इस उद्देश्य से जनपद में पुष्टाहार बनाने के लिए तीन इकाइयां स्थापित की गई हैं। इसमें तीन सौ स्वयं सहायता समूह ने 2.70 करोड़ रुपये लगाए हैं।
आपको बता दें कि जुलाई में तीनों इकाइयों से उत्पादन शुरू होने के साथ ऐरवाकटरा एवं ब्लाक के 40 आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार सप्लाई भी होने लगी है। इससे तय होने वाली आय से इसमें कार्यरत 60 महिलाओं को सीधा लाभ हो रहा है। इसके अलावा तीन सौ समूह की नौ हजार महिलाओं को भी लाभ मिलेगा। जिले में औरैया ब्लाक के मिहौली भाग्यनगर के सल्हापुर, ऐटवाकटरा ब्लाक के दिलोपपुर गांव में पुष्टाहार इकाइयों को स्थापित किया गया है। प्रत्येक इकाई पर बीस महिलाएं काम कर रही हैं।

**स्वरोजगार**

**तीन सौ समूहों ने 30-30 हजार रुपये देकर लगाए 2.70 करोड़, 60 महिलाओं को दिया जाएगा मेहनताना**

**गुणवत्तापूर्ण** श्रमिकों के सपने हुए साकार, व्यवस्था देख गदगद हुए बच्चे, आश्चर्यचकित दिखे

# अटल आवासीय विद्यालयों में हुआ सत्रारंभ

**विकास कार्य**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**माता-पिता की** आंखों में आँसू, बच्चों के खिलखिलाते चेहरे और हाथ में माला लेकर स्वागत करते शिक्षक। ये नजारा प्रदेश के सभी मंडलों में देखने को मिला। अवसर था अटल आवासीय विद्यालयों के सत्रारंभ का, जहां निर्माण श्रमिकों, कोरोना काल में निराश्रित और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पात्र बच्चे नवोदय विद्यालय की तर्ज पर निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने पहुंचे। अपने नौनिहालों का हाथ पकड़कर विद्यालय में आए अभिभावकों ने जब वहां की व्यवस्था देखी तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह पहल उन्हें किसी वरदान से कम नहीं लगी। परिसर में पहुंचे विद्यार्थी और उनके अभिभावक क्लास रूम, हॉस्टल रूम, मेस की व्यवस्थाओं को देख आश्चर्यचकित थे। उनके लिए अब तक इतनी शानदार व्यवस्था सिर्फ कल्पना की बात थी। बच्चे ये जानकर गदगद थे कि ये सभी इंतजाम उनके लिए किए गए हैं जबकि श्रमिक अभिभावकों की आंखों में खुशी के आँसू थे। उन्होंने यह कभी नहीं सोचा था कि वह अपने बच्चों ऐसे किसी विद्यालय में पढ़ा पाएंगे। उनके लिए आज का दिन किसी पर्व से कम नहीं था। इस मौके पर अभिभावकों ने सीएम योगी का आभार जताया। वहीं बच्चों ने भी मन से पढ़ने और कुछ कर गुजरने का संकल्प लिया।



**अभिभावकों ने जब वहां की व्यवस्था देखी तो मुख्यमंत्री योगी की यह पहल उन्हें किसी वरदान से कम नहीं लग**

